डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23




# झुग्गी झोपड़ी

प्रयागराज से प्रकाशित. हम बनेंगे आपकी आवाज हिन्दी दैनिक

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,सोमवार.28 नवंबर,2022 वर्ष—07 / अंक—198 प्रष्ठ—08 / मूल्य—2 रूपये

## तमिलनाडु में भाजपा की बढ़ी उम्मीद, 2024 लोकसभा चुनाव से पहले सेट किया एजेंडा

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले भारतीय जनता पार्टी ने तमिलनाडु में एजेंडा सेट करना शुरू कर दिया है। डीएमके के खिलाफ माहौल बनाकर और एआईएडीएमके में चल रहे मतभेद का फायदा उठाते हुए नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने पार्टी के सदस्यों के लिए उच्च लक्ष्य निर्धारित किए हैं। अन्नामलाई ने काम करने वाले और प्रतिभाशाली युवाओं को मौका देने की योजना बनाई है। इस योजना को सुस्त कार्यकर्ताओं के लिए चेतावनी भी मानी जा रही है। । पार्टी के हित के खिलाफ काम करने वाले या परिणाम नहीं दिखाने वालों के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता भी दिखाया जा सकता है।

लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा और डीएमके के बीच टक्कर

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एम चक्रवर्ती ने कहा कि अन्नामलाई द्वारा बनाई गई गति को बनाए रखना पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिन्होंने राज्य में भाजपा को एक मजबूत ताकत बनाया है। चक्रवर्ती का दावा है कि लोकसभा चुनाव और 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और डीएमके के बीच सीधा मुकाबला होगा। चक्रवर्ती ने कहा कि हाल ही में कुछ गलत काम करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अन्नामलाई ने कहा था कि जब कुछ यात्री बस से उतरते हैं, तभी नए यात्रियों को समायोजित किया जा सकता है।

धमकाने वाले नेता को निलंबित कर अन्नामलाई ने दिया संदेश

तमिलनाडु भाजपा ने अल्पसंख्यक विंग की प्रमुख महिला नेता डेजी सरन के खिलाफ अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी करने और डराने—धमकाने के आरोप लगने के बाद अपने राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग (व्ठब) विंग के नेता सूर्या शिवा (ैनतपल ैपअं) को उनके पद से छह महीने के लिए निलंबित कर दिया है। वहीं इस मामले पर सफाई देते हुए अन्नामलाई ने कहा कि मैं गलती करने वाले किसी को भी नहीं छोड़ूंगा। एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। इसकी जांच होनी चाहिए। राजनीतिक शालीनता होनी चाहिए। भाजपा एक अलग तरह की पार्टी है। मैं अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करूंगा। अन्नामलाई ने ने जोर देकर कहा कि कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि लक्ष्मण रेखा पार करने वालों को दंडित किया जाएगा...यह तो केवल शुरुआत है। यह पार्टी सभी की है।

## संक्षिप्त सार

### एयरपोर्ट की एक्स-रे मशीन से पता चला बैग में बैठी थी बिल्ली

दुनिया के किसी भी देश के एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था काफी चाक चौबंद रहती है, सुरक्षा घेरे को तोड़ना काफी मुश्किल होता है। वहीं हाल ही में न्यूयॉर्क शहर के एक हवाई अड्डे पर एक अजीबोगरीब घटना हो गई। दरअसल, हुआ ये कि एक पैसेंजर के बैग में बिल्ली पैक हो गई। जब वह बैग एयरपोर्ट पर एक्सरे मशीन से गुजरा तो पता चला एक जीवित बिल्ली बैग के अंदर घुसी हुई थी।इसके बाद बैग के मालिक से पूछताछ की तो उसने बताया कि बिल्ली गलती से उसमें घुस गई, उसने ध्यान दिया नहीं और बिल्ली उसी पैक हो गई।

## ममता की चाय पीकर सुवेंदु ने दिखाए तेवर बोले– बंगाल में सीएए लागू होकर रहेगा

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की थी लेकिन उसके अगले ही दिन भाजपा नेता सुवेंदु ने सीएम ममता को चुनौती दी कि दम है तो बंगाल में सीएए को रोककर दिखाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि जैसे उन्होंने ममता को नंदीग्राम में हराया था, वैसे ही आगे भी हराएंगे। उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर में एक जनसभा के दौरान कहा कि मतुआ समुदाय के सदस्यों को भी नागरिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने सीएए के बारे में कई बार बात की है। नागरिकता संशोधन अधिनियम को राज्य में लागू किया जाएगा। आगे अधिकारी ने कहा कि सीएए अधिनियम यह सुझाव नहीं देता है कि किसी की नागरिकता छीन ली जाएगी।

बता दें कि सीएए अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के प्रवासियों को नागरिकता देने की सुविधा प्रदान करता है। चूंकि अधिनियम के तहत नियम अभी तक सरकार द्वारा नहीं बनाए गए हैं, इसलिए अब तक किसी को भी इसके तहत नागरिकता नहीं दी जा सकती है।

भाजपा सीएए को लागू करने के अपने वादे को पूरा करेगी सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 2019 के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करके अपना एक वादा पूरा किया है। इसी तरह, भाजपा सीएए को लागू करने के अपने वादे को पूरा करेगी। आगे कहा कि केंद्र सरकार किसी का अधिकार छीनने में विश्वास नहीं करती है। हमारे प्रधानमंत्री विभाजनकारी राजनीति में विश्वास नहीं करते हैं। पांच लोकसभा सीटों पर मतुआ समुदाय का प्रभाव जनसभा मतुआ समुदाय ने आयोजित की थी, जिसमें सुवेंदु अधिकारी को मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया गया था। बंगाल में मतुआ समाज की अनुसूचित जाति में एक बड़ी हिस्सेदारी है। पाकिस्तान और फिर बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न के कारण इस समुदाय के लोग 1950 के दशक में पश्चिम बंगाल की ओर पलायन कर यहीं रहने लगे। वहीं अब इनकी आबादी करीब 30 लाख है और कम से कम पांच लोकसभा सीटों और नदिया, उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों की लगभग 50 विधानसभा सीटों पर इस समुदाय का प्रभाव है।



## कागज के हवाई जहाज बनाने वाले युवा अंतरिक्ष में भेज रहे रॉकेट




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, हम बहुत तेजी से इस कार्यक्रम के शतक की तरफ बढ़ रहे हैं। यह कार्यक्रम मेरे लिए 130 करोड़ देशवासियों से जुड़ने का एक और माध्यम है। हर एपिसोड से पहले, गांव—शहरों से आये ढ़ेर सारे पत्रों को पढ़ना, बच्चों से लेकर बुजुर्गों के ऑडियो मैसेज को सुनना, ये मेरे लिए एक आध्यात्मिक अनुभव की तरह होता है।

जी—20 की अध्यक्षता मौका बनकर आई

पीएम ने कहा, जी—20 की दुनिया की जनसंख्या में दो—तिहाई, वैश्विक व्यापार में तीन—चौथाई और वर्ल्ड जीडीपी में में 85: भागीदारी है। आप कल्पना कर सकते हैं कि भारत अब से तीन दिन बाद यानी एक दिसंबर से इतने बड़े समूह की, इतने सामर्थ्यवान समूह की, अध्यक्षता करने जा रहा है। ळ—20 की अध्यक्षता, हमारे लिए एक बड़ा मौका बनकर आई है। हमें इस मौके का पूरा उपयोग करते हुए विश्व कल्याण पर ध्यान केंद्रित करना है। जी—20 में आने वाले डेलिगेट्स भविष्य के टूरिस्ट पीएम मोदी ने कहा, चाहे शांति हो या एकता, पर्यावरण से लेकर संवेदनशीलता की बात हो या फिर सतत विकास की, भारत के पास, इनसे जुड़ी चुनौतियों का समाधान है। हमने एक दुनिया, एक एक परिवार ओर एक भविष्य की जो थीम दी है, उससे वसुधैव कुटुम्बकम के लिए हमारी प्रतिबद्धता जाहिर होती है। उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में, देश के अलग—अलग हिस्सों में ळ—20 से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान, दुनिया के अलग—अलग हिस्सों से लोगों को आपके राज्यों में आने का मौका मिलेगा। मुझे भरोसा है कि आप अपने यहां की संस्कृति के विविध और विशिष्ट रंगों को दुनिया के सामने लाएंगे। आपको ये भी याद रखना है कि ळ—20 में आने वाले लोग, भविष्य के टूरिस्ट भी हैं।

विक्रम—एस नए युग के उदय का प्रतीक

प्रधानमंत्री ने कहा, हाल ही में स्वदेशी स्पेस स्टार्ट—अप के विक्रम—एस रॉकेट ने जैसे ही ऐतिहासिक उड़ान भरी, हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा हो गया। यह भारत में प्राइवेट स्पेस सेक्टर के लिए एक युग के उदय का प्रतीक है। ये देश में आत्मविश्वास से भरे एक नए युग का आरंभ है। आप कल्पना कर सकते हैं, जो बच्चे कभी हाथ से कागज का हवाई जहाज बनाकर उड़ाया करते थे, उन्हें अब भारत में ही हवाई जहाज बनाने का मौका मिल रहा है।

कला व संगीत से हमारा लगाव मानवता की असल पहचान

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा, कला, संगीत और साहित्य से हमारा लगाव ही मानवता की असली पहचान है। हम भारतीय, हर चीज में संगीत तलाश ही लेते हैं। चाहे वह नदी की कलकल हो, बारिश की बूंदें हों, पक्षियों का कलरव हो या फिर हवा का गूंजता स्वर, हमारी सभ्यता में संगीत हर तरफ समाया हुआ है। हमारी सभ्यता में संगीत हर तरफ समाया हुआ है। संगीत हमारे समाज को भी जोड़ता है। संगीत की हमारी विधाओं ने, न केवल हमारी संस्कृति को समृद्ध किया है, बल्कि दुनियाभर के संगीत पर अपनी अमिट छाप भी छोड़ी है। भारतीय संगीत की ख्याति विश्व के कोने—कोने में फैल चुकी है।

## केजरीवाल का दावा गुजरात में बनेगी AAP की सरकार, लागू करेंगे पुरानी पेंशन योजना




केजरीवाल का बड़ा दावा आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि गुजरात में आप सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने गुजरात में सरकारी कर्मचारियों से आप का समर्थन करने की अपील की। साथ ही उन्होंने, 31 जनवरी तक पुरानी पेंशन योजना लागू करने का वादा किया। सूरत में प्रेसवार्ता को केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली और पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए उनकी भविष्यवाणियां सच हुई और गुजरात में भी ऐसा ही होगा। गुजरात में सरकार बनाएगी आपरू केजरीवाल




स्टैच्यू ऑफ यूनिटी ने बदली इन घरेलू महिलाओं की जिंदगी

सरदार पटेल की केवड़िया में बनी मूर्ति ने आसपास के गांवों की सैकड़ों महिलाओं की जिंदगी पूरी तरह बदलकर रख दी है। अब उनके गांव के साथ—साथ पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। लगातार निवेश हो रहा है जिससे लगातार विकास हो रहा है। पढ़ें पूरी खबर...

ठश्रच के गढ़ राजकोट पश्चिम में इस बार त्रिकोणीय मुकाबला

गुजरात के राजकोट में रोजगार के लिए लोग देश—विदेश से आते हैं। राजकोट का उद्योग भी जबरदस्त है । यहां के लोग खाने—पीने के शौकीन हैं। राजनीति की बात की जाए तो राजकोट भाजपा का गढ़ रहा है। यहां 1967 से 1975 तक यहां से भारतीय जनसंघ को जीत मिलती रही। 1980 में यहां से कांग्रेस जीती। 1985 से राजकोट—ρρ सीट पर भाजपा ही जीतती रही है। 2012 में नए परिसीमन के बाद इसका नाम राजकोट पश्चिम हो गया। पढ़िए पूरी खबर...

ऐसे हैं सौराष्ट्र—कच्छ और दक्षिण गुजरात के समीकरण

सौराष्ट्र, कच्छ और दक्षिण गुजरात में पड़ने वाली इन 89 सीटों को लेकर राजनीतिक दलों में खींचतान तेज है। इस बार आम आदमी पार्टी की एंट्री ने मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। ऐसे में सवाल उठता है कि इन इलाकों में मौजूदा समीकरण क्या हैं? भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में से कौन कितना मजबूत है? पढ़िए पूरी खबर...

नर्मदा में खरगे दो रैलियों को करेंगे संबोधित

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी आज गुजरात चुनाव में प्रचार के लिए एंट्री कर रहे हैं। आज से दो दिनों तक वह गुजरात दौरे पर रहेंगे। खरगे आज नर्मदा जिले में दो रैलियों को संबोधित करेंगे। इस दौरान राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत भी खरगे के साथ मौजूद रहेंगे।

सीएम योगी ने केजरीवाल पर साधा निशाना

गुजरात के गिर सोमनाथ में सीएम योगी ने भाजपा उम्मीदवार के लिए चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आप नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर बगैर नाम लिए निशाना साधा। योगी ने कहा, श्आज भारत की ओर कोई दुश्मन बुरी नजर से नहीं देख सकता है। क्योंकि उसे मालूम है कि गलत नजरों से भारत में देखेगा तो उसके साथ क्या होगा। आज गुजरात में कर्फ्यू समाप्त, दंगे समाप्त, आतंकवाद समाप्त, नक्सलवाद समाप्त। नहीं तो क्या होता था? रोज एक दंगे होते थे। और जो एक आम आदमी पार्टी का नमूना आया है न दिल्ली से? यह तो आतंकवाद का सच्चा हितैषी है। यह राम मंदिर का विरोध करता है। जब भारत के वीर जमान पाकिस्तान में जाकर सर्जिकल स्ट्राइक करते हैं तो उनसे भी सबूत मांगता है। इससे बचकर रहना आप लोग।

जामनगर में अरविंद केजरीवाल का रोड शो

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के गुजरात दौरे का आज दूसरा दिन है। आज सीएम केजरीवाल सुबह 11 बजे सूरत में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। इसके बाद उनका जामनगर में रोड शो होगा।

केजरीवाल का दावा गुजरात में बनेगी ।।च की सरकार, लागू करेंगे पुरानी पेंशन योजना

दो दिन में सात रैलियां करेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरान वह सात रैलियों को संबोधित करेंगे। 27 नवंबर को पीएम करीब शाम छह बजे सूरत एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे जहां से उनका काफिला करीब 28 किलोमीटर का सफर तय करेगा। इस दौरान अलग—अलग जगहों पर पीएम के स्वागत प्वाइंट बनाए गए हैं। वहीं, शाम साढ़े सात बजे गोपिन में पीएम मोदी रैली को संबोधित करेंगे।



# नगर पालिका कार्यालय में आयोजित हुआ संविधान दिवस



उत्तराखंड।दि ग्राम टुडे समाचार सेवा,,,नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर के कार्यालय में संविधान दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजीव शर्मा ने उपस्थित सभी जागरूक नागरिकों को संविधान की शपथ दिलवाई। राजीव शर्मा ने कहा कि कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। देश का शासन और सरकार कैसे चलेगी, सरकार के विभिन्न अंगो की रूपरेखा कैसे होगी, किस पद की नियुक्ति कैसे होगी और उसके क्या कार्य होंगे, देश के नागरिकों के क्या अधिकार और कर्तव्य होंगे इनकी रक्षा कैसे होगी, कानून क्या होगा, एक देश को चलाने के लिए यह सभी बातें संविधान में ही निहित होती है। 200 सालों की गुलामी के बाद जब भारत अंग्रेजों के चुंगल से आजाद हुआ तब उसके पास अपना संविधान नहीं था ऐसे में सबसे पहले संविधान बनाने की चुनौती थी। इसके लिए 1946 मैं एक संविधान सभा का गठन किया गया। संविधान तैयार करने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे थे। यह 26 जनवरी 1949 को पूरा हुआ और इसे अपनाया गया। आज का दिन हमें इसी महत्वपूर्ण दिन की याद दिलाता है। 26 नवंबर को संविधान दिवस के साथ–साथ राष्ट्रीय कानून दिवस भी मनाया जाता है। संविधान अपना जाने के कुछ दिनों बाद 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ। इस दिन को देश में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। संविधान दिवस पर बाबासाहेब अंबेडकर को याद करना भी बेहद जरूरी है संविधान की ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ही थे इसलिए उन्हें संविधान निर्माता भी कहा जाता है संविधान निर्माण में उनकी सबसे अहम भूमिका रही। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नौशाद हसीन, सभासद पंकज चौहान, धर्मेंद्र विश्नोई, कैलाश भंडारी, रितु ठाकुर, गौरव रौतेला, वेदान्त चौहान, रंजीता झां तथा नगर पालिका के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आधार लिंक की प्रगति के लिए बी एल ओ को किया गया सम्मानित




विकास खंड मछलीशहर की ग्राम पंचायत बामी स्थित कम्पोजिट विद्यालय परिसर में मतदाता पंजीकरण के लिए चलाये जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत तृतीय विशेष अभियान दिवस पर शनिवार को ग्राम प्रधान बामी श्रीमती सरोज सिंह ने मतदाताओं का नाम आधार कार्ड से लिंक करने में सराहनीय कार्य करने के लिए बी एल ओ मीरा सिंह का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संजीव सिंह ने बताया कि जब जिले स्तर पर आधार लिंक का औसत 47.60 प्रतिशत है और मछलीशहर विधानसभा का औसत 40.78 प्रतिशत है तब उनके गांव की भाग संख्या 109 की बी एल ओ मीरा सिंह ने 75.71 प्रतिशत मतदाताओं को नाम आधार से लिंक कर दिया है जो सराहनीय है। कार्यक्रम के दूसरे चरण में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सतीश कुमार यादव ने शासन के मंशानुरूप संविधान की उद्देशिका को उपस्थित लोगों को पढ़कर सुनाया तत्पश्चात राम जानकी मठ तिलौरा के मठाधीश रवीन्द्र जी महाराज ने उपस्थित लोगों और बच्चों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। उपस्थित लोगों ने 26 नवंबर 2011 की आंतकवादी घटना में मारे गए शहीदों को श्रद्धांजलि के लिए दो मिनट का मौन भी रखा। लोगों को सम्बोधित करते हुए रवीन्द्र जी महाराज ने कहा कि विघटनकारी शक्तियां चाहे जिस स्तर पर गिरकर घटिया से घटिया काम करें लेकिन इससे हमारे देश की एकता और अखंडता पर कोई प्रभाव पड़ने वाला नहीं है।आज के सम्मान समारोह कार्यक्रम में ग्राम प्रधान के अलावा कम्पोजिट विद्यालय बामी के स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका और गांव के सम्भ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# नगर अध्यक्ष ने किया पिंक शौचालय का उद्घाटन



मडियाहू, जौनपुर।

स्थानीय नगर के कोतवाली परिसर में पिंक शौचालय का नगर अध्यक्ष रुखसाना कमाल ने किया उद्घाटन।

जिससे नगर में आने वाली महिलाओं को दिक्कत का सामना न करना पड़े।नगर में पहले से ही कई शौचालय है।लेकिन महिलाओं के लिए पिंक शौचालय लगभग नौ लाख की लागत से बनाया गया है।इस शौचालय में चार लैट्रिन व एक बाथरूम गीजर के साथ लगा हुआ है। मड़ियाहूं नगर के वार्ड तेरह के सभासद फहीम अहमद , शहजाद आलम आजमी ,अत्ताउल्लाह खान, वैस फारुकी, समाजसेवी कमाल अख्तर फारुकी, साजिद खान, इमरान सिद्दीकी आदि लोग उद्घाटन पर मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल



(शाहजहांपुर

)नगर के मोहल्ला बगियानाथ में रहने वाले जीतू अर्कवंशी शादियों में स्टेज डेकोरेशन का कार्य करते थे बीती रात व मोहल्ले के ही अपने साथी अभिषेक तिवारी के साथ एक पैलेस में डेकोरेशन का कार्य करके वापस घर लौट रहे थे।तभी रास्ते में रात करीब बारह बजे गोला खुटार हाईवे पर अबधेश ढाबा के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए लोगों ने दोनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने जीतू अर्कवंशी को मृत घोषित कर दिया उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# गीता जयंती महोत्सव 2022 के लिए हुआ श्री हनुमत ध्वजारोहण,



भगवान श्री राम भक्त वीर हनुमान महाभारत युद्ध में श्री कृष्ण और अर्जुन के रथ पर ध्वजवाहक रहे हैं रू ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी। कुरुक्षेत्र की धरती पर भगवान श्री कृष्ण के मुखारविंद से गीता के संदेश के साक्षी हैं वीर हनुमान रू ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी।भगवान श्री कृष्ण की कर्म भूमि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में गीता उत्सव तो प्रतिदिन होना चाहिए रू ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी।कुरुक्षेत्र, 26 नवम्बर रू जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुसार धार्मिक आयोजन संतों महापुरुषों के द्वारा ही होते हैं। उन्होंने कहा कि जहां भगवान श्री राम के परम भक्त वीर हनुमान विराजमान हों धर्म की भावना और विश्वास होता है। इस मौके पर जयराम संस्थान की 40 वर्षों से चली आ रही गुरु परम्परा के अनुसार परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी ने भगवान श्री राम के परम भक्त वीर हनुमान का आहवान कर हनुमत ध्वजारोहण किया और विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना करते हुए गीता जयंती महोत्सव 2022 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर संत महापुरुषों के साथ कुरुक्षेत्र के शाहाबाद उपमंडल के एस.डी.एम. कपिल शर्मा, विद्यापीठ के ट्रस्टी तथा गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे। विद्यापीठ में श्री हनुमत पूजन, ध्वजारोहण एवं गीता पाठ के उपरांत परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कुरुक्षेत्र तो भगवान श्री कृष्ण के श्री मुख से उत्पन्न पावन गीता की जन्मस्थली एवं कर्म भूमि है। यहां प्रतिदिन गीता उत्सव का आयोजन किया जाना चाहिए। ब्रह्मचारी ने बताया कि इस सृष्टि में कोई भी मंगल एवं महान कार्य वीर हनुमान के बिना सम्पन्न नहीं किया जा सकता है। महाभारत के युद्ध में भगवान श्री कृष्ण और अर्जुन के रथ का ध्वज भी भगवान श्री राम भक्त वीर हनुमान के हाथ में ही था। रावण पर भगवान श्री राम की विजय में भी वीर हनुमान का श्रेय था। जहां भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमान विराजमान हो जाएं तो वह भूमि आस्था, धर्म भावना तथा विश्वास की भूमि होती है। उन्होंने बताया कि वर्षों से विद्यापीठ की परम्परा एवं विश्वास है कि भगवान श्री राम भक्त हनुमान के विद्यामान रहते हुए गीता ज्ञान महायज्ञ के सभी कार्य निर्विघ्न सम्पन्न होते हैं। गीता जयंती महोत्सव के धर्म रथ पर स्वयं वीर हनुमान विराजमान होते हैं। ब्रह्मचारी ने कहा कि वे तो सेवक के रूप में गुरु परम्परा के अनुसार संतों की सेवा कर रहे हैं। गीता जयंती महोत्सव तो पूरे समाज का सांझा अनुष्ठान है। उन्होंने कहा कि यह सेवा संस्कार की भावना गुरुओं की प्रेरणा एवं संत महापुरुषों की सेवा से मिली है। गीता जयंती उत्सव पर एक ही भावना रहती है कि सभी के मन में गीता उतरे। परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी द्वारा गीता जयंती महोत्सव 2022 के लिए ब्रह्मसरोवर के तट पर श्री जयराम विद्यापीठ परिसर में विद्वान–ब्राह्मणों तथा ब्रह्मचारियों द्वारा भगवान श्री रामभक्त वीर हनुमान का गुणगान करते हुए श्री हनुमत ध्वजारोहण किया। ब्रह्मचारी ने कहा कि आज अगर समाज के युवा वर्ग गीता के संदेश को अपने जीवन में अपना लें, तो समाज की करीब–करीब सभी बुराइयां अपने–आप ही समाप्त हो जाएंगी। भगवान श्री कृष्ण ने गीता का संदेश केवल अर्जुन को ही नहीं बल्कि अर्जुन के माध्यम से पूरी सृष्टि के सभी प्राणियों को दिया था। ब्रह्मचारी ने बताया कि पिछले करीब चार दशक से 2 दिसम्बर को पूर्व गुरु परम्परा के अनुसार मंदिरों की वार्षिक मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा उत्सव एवं विधिवत पूजन होगा।

उन्होंने बताया 28 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक विद्यापीठ में राज्य स्तरीय अंतर विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिताएं नए स्वरूप एवं नए अंदाज से आयोजित होंगी। इन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिताओं में विभिन्न जिलों के करीब 80 स्कूलों से 4 हजार से अधिक स्कूली विद्यार्थी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

# समारोह पूर्वक मनाया गया महाविद्यालय का स्वर्ण जयंती वर्ष व संविधान दिवस




(देवरिया) ।

शनिवार को उपनगर के रामजी सहाय पीजी कॉलेज में महाविद्यालय का स्वर्ण जयंती वर्ष तथा संविधान दिवस 2022 का आयोजन किया गया । इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा एक व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ । मुख्य वक्ता पूर्व विधायक देवरिया सदर प्रोफेसर सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान तथा संविधानवाद दो अलग–अलग चीजें हैं । जहां लोकतंत्र है वही संविधानवाद है । विश्व में समस्त देशों के पास संविधान है, लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि वहां संविधानवाद भी है। संत विनोवा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अर्जुन मिश्रा ने गणतंत्र और प्रस्तावना पर विस्तृत चर्चा किया । संत विनोवा महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 भूपेश मणि त्रिपाठी ने संविधान की प्रस्तावना पर विस्तृत चर्चा किया । अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर बृजेश कुमार पाण्डेय ने अपने संबोधन में संविधान में उल्लिखित मूल अधिकारों में शिक्षा के अधिकार के द्वारा भारत के संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व माल्यार्पण कर किया गया । अनुराधा मिश्रा ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 अजय कुमार पाण्डेय ने भाषण के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। तकनीकी सत्र में एम ए प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान की रिया पाल, प्रियंका यादव, रानू निषाद, अंकिता प्रजापति, एम ए राजनीति विज्ञान तृतीय सेमेस्टर की छात्रा निवेदिता तिवारी, निरमा प्रजापति तथा बीए तृतीय वर्ष की मदीना खातून द्वारा संविधान दिवस पर भारतीय संविधान के ऊपर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। अंत में राजनीति विज्ञान की डॉ0 रेखा पाण्डेय ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ0 आशुतोष सिंह, डॉ0 मनीष कुमार, डॉ0 नरेंद्र शर्मा, गौरव पाण्डेय, बृजेश कुमार, शरद चंद्र वर्मा सहित राजनीति विज्ञान के स्नातकोत्तर एवं स्नातक अंतिम वर्ष के सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ0 आनंद मोहन ने किया ।

# संगोष्ठी का आयोजन



देवरिया।

नेहरू युवा केन्द्र देवरिया के तत्वधान में संविधान दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन शनिवार को स्वामी देवानंद इंटरमीडिएट कॉलेज मठ लार में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक देवव्रत पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इण्टर कॉलेज प्रधानाचार्य शत्रुध्न तिवारी के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य शत्रुध्न तिवारी ने कहा कि 26जनवरी 1950 को सर्वप्रथम भारत का संविधान लागू हुआ था जिसके अध्यक्ष डॉ0 राजेंद्र प्रसाद थे और सविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ0 भीमराव अंबेडकर थे। संविधान का सम्मान हम भारतीय पूरे मनोयोग से करते हुए उसका अक्षरसह पालन करते हैं अैर भविष्य में करते रहेंगे।कार्यक्रम का संचालन कर रहे उपेंद्र नाथ तिवारी ने उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं को भारत एवं संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं सत्य निष्ठा का शपथ दिलाई। उक्त अवसर पर शिवप्रसाद पाण्डेय, शिवशंकर उपाध्याय, उपेंद्र नाथ तिवारी, अवध किशोर, सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी समेत विद्यायल के समस्त अध्यपकगण, काजल कुमारी, रितिका तिवारी, पूजा साहनी, कुमारी शालू , नीतू कुमारी, रेखा पाल,अंकित सिंह, मनोज भारती, विशाल राजभर व विशाल गुप्ता समेत विद्यायल के समस्त छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# हमारा संविधान हमारा गौरव है प्रो.शरद नारायण खरे



मंडला—शासकीय गर्ल्स कॉलेज में प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे के मार्गदर्शन व डॉ.अंजली पंड्या के संयोजन–संचालन में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया।डॉ. अंजली पंड्या ने संविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश डाला ,तो श्री डी.के.रोहितास ने सविस्तार रोचक तरीके से संविधान के स्वरूप व प्रारूप को चित्रित किया।

प्राचार्य प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे ने स्टाफ व छात्राओं को संबोधित करते हुए संविधान दिवस को अत्यंत गौरव से परिपूर्ण दिवस बताया तथा संविधान के राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय्य महत्व को रेखांकित करते हुए इसे राष्ट्र की प्रगति का आधार बताया,तथा सभी से संविधान के अनुसार आचरण करने की बात कही। उनहोंने राष्ट्रीय एकता का आशय स्पष्ट किया,तथा हर हालत में संविधान की मूल प्रकृति की मंशानुरूप सद्भाव, सौहार्द व एकता बनाये रखने का संदेश दिया।उन्होंने संविधान का आदर करने तथा उसी के अनुरूप आचरण कर विविधता में एकता को यथावत् रखने की बात कही,तथा उपस्थितों को राष्ट्रीय एकता बनाये रखने की चेतना दी। डॉ अंजु सिंह ने आभार प्रदर्शन किया।विजया श्याम सहित समस्त स्टाफ व छात्राओं की उपस्थिति रही।

# कंपोजिट विद्यालय करनैलगंज का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

गोण्डा शनिवार को जिलाधिकारी डॉ० उज्ज्वल कुमार ने तहसील करनैलगंज अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय करनैलगंज का औचक निरीक्षण कर ली जानकारी। उन्होंने विद्यालय में पहुंचकर अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर एवं छात्रवृत्ति उपस्थिति रजिस्टर तथा क्लास रूम में जाकर छात्रा अंजलि कक्षा पांच से किताब पढ़वाये इसके साथ ही बच्चों को पढ़ाया भी और उन बच्चों से वहां पर हो रही पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने वहां पर उपस्थित सभी प्रधानाध्यापक से जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि विद्यालय में आने वाले सभी बच्चों को अच्छी पढ़ाई दी जाए तथा इनको अन्य जानकारियां भी दी जाए।उन्होंने विद्यालय के अध्यापकों को को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों के उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए और वहां पर मिड डे मील में बन रहे खाना की गुणवत्ता को चेक किया और कहा कि बच्चों के पढ़ाई एवं खान–पान सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही विद्यालय में कार्यरत सभी अध्यापक से बच्चों को पढ़ाए जा रहे हैं विषयों के बारे में जानकारी ली और कहां की आप सभी लोग बच्चों को अच्छी शिक्षा देना सुनिश्चित करें।

# दबंदई की सारी हदे पार कर दुकान में रखी कटर मशीन ले गए दबंग

गोण्डा – थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के माधवपुर मजरा चौबे पुरवा निवासी रतन सिंह ने रोजी रोटी हेतु लौवा टेपरा बेलसर मार्ग दुर्गा नगर में किराए पर एक दुकान लेकर सालों से फर्नीचर का कार्य कर रहा है। की 25 नवंबर शाम 5 बजे दबंग दद्दू शुक्ला, शिवम शुक्ला, सूरज व हिमांशू दुकान पर पहुंचे और लकड़ी कटर मशीन को उधारी मांग करने लगे। न देने पर दबंगई करते हुए मशीन जबरन उठा ले गए,पीड़ित ने विरोध जताया तो उसे असंबैधानिक भाषा का प्रयोग करते हुए, खूब मारेपीटे और मशीन को लेकर चले गए।उक्त मामले में प्रार्थी ने दबंगों के खिलाफ लिखित तहरीर कोतवाली देहात में दिया है। परन्तु दो दिन बाद भी पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया,पीड़ित का कहना हैं कि मेरे जान का भी खतरा बना हुआ है। अगर समय से कार्यवाही नहीं होती तो,दबंग मेरे साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम तक पंहुचा सकते हैं।

विज्ञापन दर
समाचार पत्र का साइज 25x32
फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।
अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626

# निःशुल्क नेत्र शिविर में 450 मरीजों की जांच के बाद दी गई मुफ्त दवाई

प्रयागराज। सुल्तानपुर भावा वार्ड नंबर 93 सरायं खुल्दाबाद लकड़ी मंडी में लगे पार्षद गौसिया समद पति पूर्व पार्षद अब्दुल समद द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर मे लगभग 450 मरीजों की ऑखों की जांच डाक्टर अभिषेक कनौजिया द्वारा उत्कृष्ट मशीनों से कर निःशुल्क दवाई व कैल्शियम कैप्सूल दी गई। वार्ड 93 सरायं खुल्दाबाद लकड़ी मंडी में प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक मरीजों का तांता लगा रहा प्रत्येक मरीजों के ऑखों की गहनता से परिक्षण कर उचित रख रखाव के साथ दवाई का वितरण किया गया। हास्पिटल के मैनेजर सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने बताया की लगभग 75 मोतियाबिंद से ग्रस्तित मरीजों की ऑखों का आपरेशन वरिष्ठ नेत्र सर्जनों द्वारा नाज आई हास्पिटल करैली में कराया जायगा। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में कौशांबी, खुल्दाबाद, बख्शी बाजार, अहमदगंज, करैलाबाग, नूर उल्ला रोड, बैदन टोला, करैली, कीटगजं, दायरा शाह अजमल सहित सिविल लाइंस व नैनी से आए मरीजों की भी जांच करते हुए उचित सलाह के साथ दवाई दी भी दी गई। इस दौरान 65 लोगों को चश्मे का वितरण भी किया गया। शिविर को संचालित करने में डाक्टर अभिषेक कनौजिया, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, पूर्व पार्षद अब्दुल समद,प्रबन्धक अमित यादव ,शिवम यादव ,प्रीति यादव, इरफान खान, पुष्पेन्द्र यादव, शुभेन्द्र यादव, विकास कुमार पटेल, निकित कुमार, चन्दन सिंह, नसीम खान (बब्लू ) इरशाद खान, सोहराब खान, अशरफ खान, मोहम्मद रेहान (नानू), मुन्ना नेता, जामिन हसन, अशफाक खान आदि शामिल रहे।

# एसपी क्राइम ने संविधान की प्रस्तावना की दिलाई शपथ



प्रयागराज, भारत का संविधान सभी को समता का अवसर प्रदान करता है। संविधान सभी के लिए समता का प्रतीक है उक्त उदगार शनिवार को हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर चौराहे पर आयोजित 73वें संविधान दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में एसपी क्राइम सतीश चंद्र ने व्यक्त किये। उन्होंने उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। उन्होंने उपस्थित लोगों से सकारात्मक व बैज्ञानिक सोच के साथ देश व समाज के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

उक्त अवसर पर सीएमपी कालेज के प्रो. दीना नाथ ने भारतीय संविधान की विशेषता पर विस्तार से चर्चा करते हुए संविधान की रक्षा के लिए हम सभी को जागरूक रहना पड़ेगा।

संविधान महोत्सव–2022 का आयोजन डा. अम्बेडकर क्लब, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा), देवपती मेमोरियल ट्रस्ट और प्रबुद्ध फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

संविधान मेला में रंग निर्देशक आईपी रामबृज द्वारा निर्देशित नाटक पाखण्ड और बेटी का भी मंचन किया गया। हजारों की संख्या में उपास्थित संविधान समर्थको ने संविधान के सम्मान में कैंडिल मार्च निकाला। मेले में एमपी से छोटू कोल और आरती कोल तथा प्रयागराज से एलके अहेरवार, राजेश चौधरी, डा. एनएन गोपाल, ब्रजेन्द्र बहादुर, अमर नाथ, रामचन्द्र, डा. एसपी सिद्धार्थ, करन कुमार, भारत सिंह, डा. राधा रानी , प्रतिभा सरोज ने विचार रखे। कुशल संचालन व संयोजन आईपी रामबृज ने किया।

# नाटक बेटी का चयन भागलपुर रंग महोत्सव में भागलपुर रंग महोत्सव में 19 दिसम्बर को होगा नाटक बेटी का मंचन

प्रयागराज 27 नवम्बर, प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रबन्धकध्सचिव उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बताया कि उनके निर्देशन में बिहार राज्य की राजधानी पटना का पड़ोसी जिला भागलपुर स्थित रंगग्राम जन सांस्कृतिक मंच भागलपुर द्वारा भागलपुर मे 17 से 19 दिसम्बर 2022 तक आयोजित तीन दिवसीय भागलपुर रंग महोत्सव–2022 में उत्तर प्रदेश की धम्म धूषण की नगरी वत्स, पूर्व में इलाहाबाद और अद्यतन में प्रयागराज में बहुजन साहित्य कला और संस्कृति के साथ साथ बहुजन रंगमंच के पुनर्स्थापत्य पर कार्य करने वाले इकलौते रंग निर्देशक आईपी रामबृज के निर्देशन में लघु नाटक ष्बेटीष का चयन हुआ है। आईपी। रामबृज ने बताया कि रंगग्राम जन सांस्कृतिक मंच की आयोजन समिति के निदेशक कपिल देव रंग ने बताया कि महोत्सव 17 से 19 दिसंबर 2022 तक आयोजित है। यह रंग महोत्सव पिछले 8 वर्षों से भागलपुर रंग महोत्सव के नाम से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में अखिल भारतीय बहुभाषीय लघु नाटक, नुक्कड़ नाटक, लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य व रंग जुलूस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाषा, क्षेत्रीयता, सांप्रदायिकता के नाम पर जो राष्ट्रीय अखंडता को खंडित करने का प्रयास तथा विभिन्न तंत्र द्वारा अपसंस्कृति पर हमले किए जा रहे हैं, जिसमें यहां की लोक व पारंपरिक कला प्रभावित हो रही है। इस वर्ष भागलपुर रंग महोत्सव में मणिपुर उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश झारखंड, असम बिहार सहित कई अन्य प्रांतों से नाट्य नृत्य दल शिरकत करेंगे जिनमे उत्तर प्रदेश प्रयागराज से आईपी रामबृज के निर्देशन में प्रबुद्ध फाउंडेशन की प्रस्तुति बेटी नाटक का चयन चयन कमेटी के द्वारा किया गया है जिसका मंचन रंग महोत्सव के समापन पर 19 दिसम्बर को होगा।





# पूर्व सैनिकों की सेवा शर्तों व सुविधाओं में छेड़छाड़






सैनिकों,पूर्व सैनिकों की सेवा शर्तों व सुविधाओं में छेड़छाड़ व कटौती ना हो , अग्निवीर सैनिकों की सेवा अवधि 10 वर्ष तथा इच्छुक सैनिकों को स्थाई किया जाए जो सेना में अधिकैयों के लिए लागू है, इच्छुक व योग्य पूर्व सैनिकों को देश सेवा जन सेवा हेतु जनप्रतिनिधि बनने का अवसर राजनीतिक पार्टियां टिकट देकर करें वर्तमान में नगर निगम चुनाव में टिकट की मांग उठाई या फिर सरकार पार्षद ,एमएलसी एवं राज्यसभा सदस्य हेतु नामित करें आदि की मांग के साथ कई प्रस्ताव हुए पारित केंद्र व प्रदेश सरकारें ध्यान दें

वीर सेनानी पूर्व सैनिक कल्याण समिति प्रयागराज के तत्वावधान में सैकड़ों पूर्व सैनिकों की उपस्थिति में न्याय विहार सुलेम सराय, प्रयागराज में पूर्व सैनिकों का सम्मेलन संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता ईश्वर चंद तिवारी संचालन श्याम सुंदर सिंह पटेल संयोजन पूर्व सूबेदार मेजर आर यन सिंह ने किया इस अवसर पर कई विषयों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुए तथा कहा कि इंसान के जीवन में चार प्रमुख विकास होते हैं जैसे शैक्षिक, आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक जिस पर चर्चा कर राजनीतिक विकास हेतु पूर्व सैनिक पेंशनर्स अपनी राजनीतिक भागीदारी चाहता है उसकी मांग किया जिससे वह भी जनप्रतिनिधि बनकर देश सेवा जन सेवा कर सके जिसका उसे अच्छा अनुभव है इस हेतु राजनीतिक पार्टी टिकट देकर चुनाव लड़ायें या सरकार पार्षद, एमएलसी एवं राज्यसभा सदस्य हेतु योग्य व इच्छुक पूर्व सैनिक पेंशनर्स को नामित कर सेवा का अवसर प्रदान करें इस हेतु लोगों ने मांग उठाई जिसका सभी ने समर्थन किया इस अवसर पर श्याम सुंदर सिंह पटेल ने कहा कि संगठन में शक्ति है वही सफलता की सोपान है लोकतंत्र में संख्या बल का बड़ा महत्व होता है तभी आपको राजनीतिक पार्टियां पार्षद ,विधायक व सांसद का टिकट देगी या सरकार नामित करेगी आप सब संगठित हों कहा ,तत्पश्चात पारित प्रस्ताव की जानकारी देते हुए बताया कि हमारी मांग व प्रस्ताव निम्न है रू–

1. स्पर्श पेंशन योजना की दिक्कतें दूर हो
2. पूर्व सैनिकों का इलाज निशुल्क हो जैसे पहले होता था ईसीएचएस का कंट्रीब्यूशन बंद हो
3. वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियां दूर कर पुनरीक्षित धनराशि का भुगतान शीघ्र हो
4. मेडिकल एलाउंस रुपया एक हजार से बढ़ाकर रुपया तीन हजार किया जाए
5. पुरानी पेंशन बहाल हो क्योंकि पूर्व सैनिक परिवार भी इससे प्रभावित है
6. सरकार पेंशन वृद्धि 80 वर्ष में 20: देती है उसे 60 से 65 वर्ष में 5:, 65 से 70 वर्ष में 10: तथा 70 से 75 वर्ष पूरा होने पर 15: पेंशन वृद्धि दिया जाए
7. पूर्व सैनिकों का नेशनल हाईवे टोल टैक्स माफ हो जैसे पहले था
8. पूर्व सैनिकों का गृह कर उत्तर प्रदेश में भी माफ हो जिस प्रकार 16 प्रदेशों में माफ है
9. पूर्व सैनिकों को देश सेवा जन सेवा हेतु शासन सत्ता में भागीदारी हो सरकार व राजनीतिक पार्टियां इस हेतु योग्य व इच्छुक पूर्व सैनिक पेंशनर्स को नामित करें
10. पूर्व सैनिक इस देश का गौरवशाली नागरिक है उसकी शुरू से चली आ रही सेवा शर्तों व सुविधाओं में छेड़छाड़ व कटौती ना हो जिससे युवकों को सेना में भर्ती हेतु आकर्षण बना रहे व पूर्व सैनिक का गौरव बरकरार रहे
11. अग्नि वीर सैनिकों की सेवा शर्तों में सुधार कर 10 वर्ष किया जाए तथा सहमति प्रदान करने वाले सभी सैनिकों को स्थाई किया जाए सरकार अपनी योजनाओं में सुधार करें

इस अवसर पर पूर्व सैनिकों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने व स्पर्श की सुविधाओं की जानकारी दिया तथा कुछ लोगों को मोबाइल से करके सिखाया जिस पर लोगों ने खुशी जाहिर किया

सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे ईश्वर चंद तिवारी ने कहा कि हमारी समिति पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रयत्नशील रहती है इसलिए आप लोग इसकी सदस्यता ग्रहण करें व संगठन को मजबूत बनाएं जिससे सबका कल्याण हो सके इसी प्रकार अन्य वक्ताओं ने भी उक्त से मिली जुली बातें कहीं जिसमें प्रमुख रुप से पूर्व न्यायाधीश एसपी शुक्ला, श्याम सुंदर सिंह पटेल, ईश्वर चंद्र तिवारी,नरोत्तम त्रिपाठी , बीएन सिंह , आर एन सिंह, बच्चा लाल प्रजापति, गुनाई यादव ,प्रमोद कुमार, लल्लन मिश्रा, मनोज कुमार ,अलगू राम, नरेश कुमार वर्मा, प्रवीण कुमार ,ए के गुप्ता ,पवन कुमार गुप्ता ,एस के भगवान ,सुशांत बल्लभ ,ए के मिश्रा, भगवान दास शर्मा आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सूबेदार मेजर आर यन सिंह ने किया तथा जलपान चाय नाश्ता के साथ सम्मेलन संपन्न हुआ

# भाजपा का कमल हर बूथों पर खिलेगा (गणेश केसरवानी)




27 नवंबर प्रयागराज,भारतीय जनता पार्टी चौक मंडल कार्यसमिति की बैठक सरस्वती शिशु निकेतन विद्यालय के प्रांगण में आयोजित की गई इस अवसर पर बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही वार्ड के सभी बूथों पर कमल खिलेगा और जीत का सेहरा कार्यकर्ताओं को जाएगा

बैठक में मुख्य रूप से विवेक अग्रवाल, दिनेश विश्वकर्मा, राजेश केसरवानी,रामजी केसरवानी, राजू वर्मा,श्याम जी अग्रवाल, शिखा खन्ना, मधुसूदन निषाद,विष्णु त्रिपाठी, अशोक मालवीय,लता उपाध्याय, धीरज केसरवानी, अतुल खन्ना ,राजेश शर्मा, शिव मोहन गुप्ता, मयंक अग्रवाल,शैलेंद्र मिश्रा, विपिन चोपड़ा, सुनीता चोपड़ा, जय किशन चौरसिया, विश्वास श्रीवास्तव, संध्या गौड ,कृष्णांगणी, राम भुवन पाल, एवं मंडल के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# प्रधानमंत्री जनता के बिचारो को पढ़कर जो जो अनूसरण करते है वह प्रेरणादायक है–दिलीप कुमार चतुर्वेदी

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात' में एक बार फिर सभी देशवासियों का स्वागत करते हुए है रविवार को पार्ट–2 के 95वाँ एपिसोड से देश की जनता को विभिन्न मुद्दों पर रेडियो के माध्यम से सम्बोधित किया। भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज यमुनापार के जिला मीडिया प्रभारी व मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने धान के कटाई के दौरान बारा के सेहुणा में कार्यकर्ताओं किसान–मजदूरों संग मन की बात को सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा 'मन की बात' के शतक की तरफ हम बढ़ रहे हैं। ये कार्यक्रम मेरे लिए 130 करोड़ देशवासियों से जुड़ने का एक और माध्यम है। हर एपिसोड से पहले, गाँव–शहरों से आये ढ़ेर सारे पत्रों को पढ़ना, बच्चों से लेकर बुजुर्गों के आडियो को सुनना, ये मेरे लिए एक आध्यात्मिक अनुभव की तरह होता है। दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने कहा प्रधानमंत्री जैसे पद में रहकर व्यस्तता के वावजूद मोदी जी देश के जनता के मैसेज को पढते और स्वतरू प्रेरणा लेते है तो हमें भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुनकर प्रेरणा लेनी चाहिए। कभी जीवन मे पद और प्रतिष्ठा का अहम नही होना चाहिए। मन की बात मे प्रमुख रूप से गिरीश कुमार,हरीनारायण त्रिपाठी,प्रभाष सिंह, दिव्यांशु चतुर्वेदी, मंजू, मिथुन,ककरहऊ,मोलई, अनामिका,फूलकली आदि अनूसूचित वर्ग के महिलाओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनकर कहा जितना गरीबों के लिए मोदी योगी ने कार्य किया और सुविधा दिया कभी किसी सरकार ने हम सब गरीबों के लिए नही किया। दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि यमुनापार के 290 शक्ति केन्द्रों पर मन की बात को कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सुना।

# साहू एकता मंच द्वारा 30 नवंबर को सर्व समाज निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम के पी ग्राउंड में आयोजित

प्रयागराज 27 नवंबर,2022 ।साहू एकता मंच द्वारा आयोजित 30 नवंबर को सर्व समाज निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम की समीक्षा बैठक के पी ग्राउंड में सम्पन्न हुई। साहू एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद साहू ने बताया कि 30 नवंबर को 12 वां निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन में लगभग 30 दंपत्तियों के परिवार के घरों में आएगी खुशहाली। जिसमें 11 बजे पत्थर गिरजाघर सिविल लाइन से वर यात्रा प्रस्थान करेगी और लगभग 1 बजे दोपहर केपी ग्राउंड में बारातियों का स्वागत होगा,2 बजे जयमाल तथा पाणिग्रहण संस्कार 2रू30 बजे होंगे। तत्पश्चात प्रीतिभोज का कार्यक्रम चलेगा और विदाई समारोह लगभग 5 बजे सुनिश्चित हुआ है। इसी बीच शाम 4 बजे से 5 बजे के बीच में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री,सांसद,विधायक तथा समाज के गणमान्य अतिथियों द्वारा नव दंपतियों को आशीर्वाद व आशीर्वचन प्रदान करेंगे। इस मौके पर राम लखन गुप्ता, शंकर लाल साहू,रामलोचन साहू, मक्खन लाल साहू, नरेंद्र कुमार साहू, मानिक चंद गुप्ता, मदन लाल साहू, जंगी लाल गुप्ता, मीनू योगेश साहू, डॉ नरेंद्र साहू, जगदीश गुप्ता,शिवकुमार साहू,शिव बाबू साहू,गिरजा शंकर गुप्ता, आलोक गुप्ता,ओम बाबू साहू, शिवा कांत साहू आदि ने समीक्षा बैठक में 12 वां निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम सकुशल पूर्वक संपन्न कराने का संकल्प लिया।

# किसानो की आय दुगनी करने के लिए केंद्र–राज्य सरकारे कर रही कार्य–ज्ञानेस जोशी

प्रयागराज। भाजपा किसान मोर्चा यमुनापार किसान प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन नगर पंचायत कोरावं व केसरवानी धर्मशाला शंकरगढ मे रविवार को जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया। कोराव के मुख्य अतिथि विधायक कोराव ने कहा हमारी भाजपा की सरकार आधूनिक खेती से किसानो की आय बढाने का कार्य कर रही है। शंकरगढ के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञानेश जोशी ने कहा किसान मोर्चा किसानों के लिए सदैव साथ खड़ा है किसानो की आय दुगनी हो इसके लिए राज्य और केंद्र सरकार निरंतर कार्य कर रही है। किसान सम्मान निधि हो या खाद बीज की उपलब्धता सभी मील का पत्थर किसानो के लिए साबित हुए है। जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा ने किसानो के सहभागिता के साथ नगर मे कमल खिलाने का संकल्प दिलाया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि किसान प्रतिनिधि सम्मेलन में सभी वर्गो के किसान प्रतिनिधियो ने भाग लेकर मोदी–योगी के कार्यो पर संस्तुष्टी व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री आदेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुधीर साहू,राजेश शुक्ला,जिला मंत्री मुकेश पांडे, योगेश पांडे,जिला मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा गिरीश कुमार चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह पटेल, सुरेंद्र दुबे, शिव कुमार मौर्य, रंजय मिश्रा, देवेंद्र सिंह, चंद्र भूषण सिंह, तुलसीदास राणा, अखिलेश सिंह पटेल, सुधा गुप्ता आदि रहे। कार्यक्रम मे भारी संख्या में किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला और मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने भाग लेकर सरकार की योजनाओ को जन–जन तक पहुचाने का संकल्प लिया।

# सम्पादकीय

## पुस्तक-समीक्षा

समीक्षक संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, स्तंभकार।

निसंदेह गांधार नरेश शकुनी द्वापर युग और महाभारत युद्ध के अहम पात्र हैं स उनको केंद्रित कर यह संपूर्ण उपन्यास लिखा जाना वस्तुतः एक साहस और पराक्रम का कार्य हैस कथानक वैदिक काल का सनातनी साहित्य है और स्थापित इतिहास तथा साहित्य पर लिखा जाना लेखक के लिए एक जोखिम का कार्य है और यह लेखक की जोखिम आलोचकों समालोचकों को एक बड़े कैनवास पर आमंत्रित करता है। कृति पर समालोचन के लिए बड़ी संभावनाएं नजर आती है परंतु लेखक प्रारंभ से ही अपनी अंतर्वस्तु और शिल्प को लेकर बेहद सचेत है। देश काल की परिस्थितियों को प्रदर्शित करने की जिज्ञासा की छटपटाहट रचनाकार में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है । जैसा कि लेखक ने प्रारंभ में ही स्पष्ट रूप से इंगित कर दिया है कि यह ना ही किसी उपलब्ध साहित्य की पुष्टि और न ही खंडन करता है, तो यह बात तो स्पष्ट हो गई की रचनाकार ने द्वापर युग के महती चरित्र को नए कलेवर में प्रस्तुत किया है और बड़े ही रोचक ढंग से इसका विवरण पाठकों के सामने रखा है ।इसमें राजे रजवाड़ों की कुटिल, षड्यंत्रकारी घटनाओं, योजनाओं के संबंध में विस्तृत विवरण हैं एवं अलग–अलग पात्रों के द्वारा किए गए कार्यों का संक्षेप में विवरण भी है ।महाभारत के विभिन्न पक्षों से जुड़े भारतवर्ष के जीवन मूल्य और वर्तमान की समकालीन आकांक्षाओं का विवेचन किया गया हैस लेखक की प्रतिभा से उर्जित एवं देश को एक नवीनतम शैली में लिखे गए जीवंत भारत की नई परिकल्पना को इस पुस्तक में स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया है। पौराणिक पात्रों की सारस्वत भूमिका कथा सार्वभौमिकता को अक्षुण बनाकर रखा गया है, इसमें वर्तमान समय की वैज्ञानिक सोच का भी समावेश है। गांधार के राजकुमार शकुनि की भूमिका महाभारत युद्ध के प्रादुर्भाव से लेकर अंत तक समान रूप से बनी हुई है महाभारत में श्री कृष्ण ,अर्जुन ,युधिष्ठिर, दुर्योधन ,और ६ृतराष्ट्र जितने महत्वपूर्ण बने हुए हैं उन सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण शकुनी की उपस्थिति एवं उनके क्रियाकलाप भी पूरी सक्रियता के साथ किताब में उपस्थित हैं । षड्यंत्र, अधर्म ,अन्याय और जितनी भी गैर सामाजिक गतिविधियों की फेहरिस्त में शकुनि के क्रियाकलापों के समूचा वर्णन है। शकुनी मूलत मेलाफाइड कैरेक्टर को लेकर आगे बढ़ते हैं, भीष्म के सैन्य दबाव और युद्ध की विभीषिका के चलते मजबूरी में गंधार नरेश को अपनी पुत्री गांधारी का विवाह हस्तिनापुर के कुरु वंशी राजकुमार नेत्रहीन ६ृतराष्ट्र से करना पड़ा,फल स्वरूप गांधारी को सर्वाधिक प्रेम और वात्सल्य करने वाले उनके भाई शकुनि के मन में इस परिवार के प्रति प्रतिशोध की ज्वाला प्रज्वलित होंने लगी। शकुनि के अलावा गांधारी, भीष्म ,सत्यवती ,धृतराष्ट्र ,पांडु माधुरी ,कुंती ,कर्ण ,द्रोणाचार्य, दुर्योधन ,युधिष्ठिर वासुदेव कृष्ण आदि के बारे में भी संक्षेप में वर्णन किया गया है तो उनके चरित्र को भी बड़े ही रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया कथानक नवीन नहीं है लेकिन कसा हुआ कथानक के साथ उपन्यास निरंतर आगे बढ़ता रहता है । जिन भी पाठकों ने महाभारत का अध्ययन नहीं किया वह इस किताब को पढ़कर महाभारत के बारे में प्राथमिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं महाभारत पर परीक्षा देने वालों के लिए यह किताब 20 क्वेश्चन एट ए ग्लांस की तरह भी है। कुछ चरित्र को लिखने में लेखक यथार्थ परक होकर स्वयं में सफल होता दिखाई दे रहा है। लेखक ने बहुत बड़ा लेखकीय खतरा उठाया इतने बड़े कथानक महाभारत को लेकर उसके पौराणिक रूप से स्थापित चरित्रों को अपनी लेखनी से लिखकर उसकी सामूहिक स्थापना कर दिलेरी का काम किया और वैसे भी बिना साहस के अच्छी रचना लिखी नहीं जा सकती। अच्छी रचना लिखी है तो साहस की भरपूर है, मेहनत भी भरपूर है और प्रकाशक में त्रुटि रहित अच्छी प्रिंटिंग कर उनका सहयोग किया है। लेखन में प्रवाह है धारा है और स्पष्ट सोच भी है रचनाकार कहीं भी लेखन में दिग्भ्रमित नहीं हुआ है। शकुनि के संदर्भ में सारी बातें जो उनके मन में है उन्होंने पूरी तरह किताब में पूरी ईमानदारी से बिखेरी है मैं उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देता हूं और पाठकों को बिन मांगी सलाह देता हूं कि वह किताब को खरीद कर पढ़ें और साहित्य जगत में लेखक के प्रयासों को बधाई के साथ मै साधुवाद भी देता हूं। संजीव ठाकुर चिंतक लेखक स्तंभकार कथाकार रायपुर । (किताब गांधार नरेश शकुनी) लेखक डॉ किशोर अग्रवाल प्रकाशक बोधि प्रकाशन जयपुर राजस्थान। लेखक संपर्क सूत्र– 94252 12340,

## गहलोत बनाम पायलट के बीच फिर फंसा कांग्रेस आलाकमान

वैसे तो कतर में फुटबॉल का वर्ल्ड कप चल रहा है, लेकिन भारत में राजनीति का असली मैदान इस समय राजस्थान बना हुआ है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर पूर्व उप–मुख्यमंत्री सचिन पायलट के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस बार उन्होंने पायलट के लिए श्गद्दारश शब्द का इस्तेमाल किया है। दोनों नेताओं के बीच खींचतान कोई नई बात नहीं है। विगत चार साल से राजस्थान में गहलोत बनाम पायलट देखने को मिल रहा है। अब लगता है कि बात आर–पार पर आ टिकी है।यहां से कुछ सवाल जो गंभीरता से उठ रहे हैं, क्या राजस्थान में नेतृत्व परिवर्तन होगा? क्या कांग्रेस की सरकार जाएगी? क्या कांग्रेस पार्टी टूट जाएगी? क्या राज्य में मध्यावधि चुनाव होंगे? क्योंकि जो तेवर अशोक गहलोत ने दिखाए हैं, उससे साफ है कि उन्होंने सीधी–सीधी चुनौती आलाकमान (गांधी परिवार) को दी है।आज के घटनाक्रम से पहले दोनों नेताओं के बीच तल्खी के इतिहास को जानना जरूरी है। अशोक गहलोत के नेतृत्व में जब वर्ष 2013 में राजस्थान विधानसभा चुनाव कांग्रेस ने लड़ा गया था, तब पार्टी 21 सीटों पर सिमट गई थी। राज्य में बेहद कमजोर कांग्रेस की कमान तब के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने युवा साथी सचिन पायलट को सौंपी थी। पायलट के प्रदेश अध्यक्ष रहते ही कांग्रेस ने वर्ष 2018 में सत्ता में वापसी की। उस समय यह कयास जोर–शोर से लगे थे कि मुख्यमंत्री की कुर्सी सचिन पायलट को मिलेगी, लेकिन हुआ उल्टा। वरिष्ठता और अनुभव के नाम पर अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री बनाया गया। पायलट को उप मुख्यमंत्री की कुर्सी दी गई और प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व साथ में बनाए रखा गया। मुख्यमंत्री की कुर्सी ना मिलने की टीस निश्चित रूप से सचिन पायलट को रही। मई 2019 में लोकसभा चुनाव के नतीजे आए और कांग्रेस राजस्थान में सभी 25 सीटें हार गई। यहां तक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सुपुत्र वैभव गहलोत को जोधपुर में करारी शिकस्त मिली। उस समय सचिन पायलट को आस जागी कि अब शायद आलाकमान उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप देगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नाराज पायलट जून 2020 में कोरोना महामारी के दौरान 19 विधायकों को लेकर लापता हो गए।

## सुनो सब की करो मन की



शरीर का गठन और विकास कुदरत की बनाई बनावट है किसी को कम मिला तो किसी को ज्यादा। इसमें हैरानी की कोई बात नहीं! अगर आप दूसरों के रंग–रूप के मुकाबले खुद को कमतर समझते हैं तो ऐसे गुणों का विकास और इस्तेमाल करें जो दूसरों से बेहतर साबित हो सके। अक्सर मोटे लोग खुद के चेहरे से ज्यादा पतले चेहरे के लोगों को ज्यादा स्मार्ट मानते हैं और अपने गुणों को छिपाने की कोशिश करते हैं जो बिल्कुल गलत है। मोटे आकर्षक होने के साथ चतुर भी होते हैं और गुणों से दूसरों को आकर्षित कर सकते हैं। मोटा या काला होने का मतलब बदसूरत होना नहीं है। सुंदर और सुडौल शरीर वाली महिलाओं को सबसे सुंदर माना जाता था लेकिन आज विदेशी कल्चर से प्रभावित होकर लोगों ने सुंदरता की परिभाषा बदल दी है। अब छरहरी बदन वाली युवतियों को खूबसूरत कहा जाता है जिसके कारण ज्यादा मोटी महिलाओं को कुंठा होने लगती है। यदि आपको कोई मोटा कहकर बुलाता है तो आप हीन भावना से ग्रस्त हो जाती हैं। आप समाज और लोगों की परवाह के बिना अपनी नजरों से परखिए अपनी बॉडी इमेज को और अपने संकोच और हीन भावना को फटकने मत दे। कई लोगों की आदत होती है किसी भी मोटी महिला को हरदम टोकते रहते हैं कि ष्तुम पतली हो जाओ कम खाओ पियो!ष और ना जाने कितनी बार सबके सामने लोग उनकी बेइज्जती भी कर देते हैं। कई बार परिवार के सामने भी वह महिलायें ट्रॉल होती रहती हैं, कभी पति के द्वारा, तो कभी सांस के द्वारा! इस प्रकार वह मोटी महिला खुद में सिमट कर रह जाती है। लेकिन लोग यह नहीं समझते हैं कि कई बार मोटापा वंशानुगत भी होता है वह चाहे भी तो अपने वजन को कम नहीं कर सकती हैं। आप जिनकी हंसी का पात्र बन रही है उनके सामने अपनी छवि इस कदर निखारे, ताकि आपको लोग देखकर प्रभावित हुए बिना ना रह पाए। मोटा होना कोई अभिशाप नहीं होता है बस आप चुस्त–दुरुस्त रहें और अपनी दिनचर्या में खाना–पीना सुनिश्चित कर लें। पतला होने का मतलब यह नहीं है कि आप डाइटिंग करने लगे! खाना बंद कर देने से आपकी समस्यायें और बढ़ जाएंगी, आपका शरीर शिथिल हो जाएगा, आंखों के नीचे काले घेरे बन जाएंगे, चेहरे की चमक चली जाएगी। पौष्टिक आहार न लेने के कारण समय से पहले बूढ़ी नजर आने लगेंगी। कुछ महिलाएं मोटापे को अभिशाप समझकर कहीं आना जाना बंद कर देती हैं, लोगों से मिलना जुलना भी बंद कर देती हैं, जबकि यह उचित नहीं है। आप अपने जीवन को खुशी से जियें, लोगों से बातचीत करें, यह ना सोचे कि लोग क्या कह रहे हैं। आप उन से हटकर एक सामान्य महिला की तरह लोगों से अच्छा बर्ताव करें। पार्टी समारोह में जाएं अपने गुणों से सबको प्रभावित करें, यदि आपका कोई अपमान करता है तो उस स्थान से आप हट जाए। आप एक अपनी डायरी बनाए और उसमें अपने मन की बात लिखें। कभी–कभी कुछ बच्चे मोटापे से ग्रसित होने के कारण स्कूल में भी अपने सहपाठियों के द्वारा मजाक का पात्र बन जाते हैं, लेकिन जब किसी प्रतियोगिता में भाग लेकर खुद को साबित करते हैं, तो जिन लोगों ने उनका मजाक बनाया था वह सभी आकर उनके लिए ताली बजाते हैं। बस इसी तरह मोटिवेट करने से एक आत्मविश्वास का जन्म होता है। यदि कोई मोटा है तो उसका मजाक नहीं बनाना चाहिए। कई पुरुष ऐसे हैं जो मोटी महिलाओं से शादी करके एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर रहे हैं इनमें से एक भारती सिंह है जो खुद में चुस्त–दुरुस्त है, उन्होंने कभी अपने मोटापे को जी का जंजाल नहीं बनाया, बल्कि टीवी में होस्ट बनकर और सबके चेहरों में हंसी लाकर एक सशक्त भूमिका निभा कर उन्होंने अपने गुणों का परिचय दिया है। जो लोग किसी के मोटापे का मजाक बनाते हैं वह नहीं जानते हैं कि वह संकुचित बुद्धि के प्रतीक है। यदि आपको कोई मोटी कह कर बुलाता है तो उसका बुरा नहीं माने, बल्कि उनकी किसी कमजोरी का एहसास दिला कर उसे हमेशा के लिए चुप कर सकती हैं आप। उन महिलाओं से प्रेरणा ले जिनसे आपको कुछ सीखने को मिल सकता हो, जरूरी नहीं है यह महिलायें बहुत मशहूर हो ये आपके रिश्तेंदार अथवा सहेली भी हो सकती है। ऐसी पत्र–पत्रिकाओं का अध्ययन करें जिससे आपको अपने व्यक्तित्व को निखारने में सहायता मिले। लोग क्या कहते हैं इसकी परवाह किए बिना आप रोजाना सबेरे सैर कीजिए और तेज चलने की आदत डालें, यह ना सोचें कि आपका कोई मजाक उड़ाएगा, उसकी परवाह किए बिना आप अपना ध्यान रखें। आप अपने आप को ऐसा बनाएं कि लोग आप पर नहीं, आपके गुण पर ध्यान दें। आपका शरीर है आप अपने शरीर को जैसे चाहे जैसे मेंटेन कर सकती हैं, बस सब चीज खाइए लेकिन तले हुए पदार्थ और जंक फूड पर थोड़ा सा नियंत्रण रखें। जितना हो सके हरी सब्जियों और फ्रूट सलाद का प्रयोग करें। आप जल्दबाजी में अपने शरीर को कष्ट ना दें। जितना व्यायाम आपसे हो सके उतना ही कीजिए। मेरे ख्याल से व्यायाम से बढ़िया उपाय आप रोज एक सुंदर संगीत लगाकर उस पर नृत्य करने की कोशिश कीजिए इसे शरीर के रक्त वाहिनी में खून का संचार बराबर बना रहेगा और जितना हो सके उतना ही नृत्य कीजिए जरूरत से ज्यादा कोई भी चीज ठीक नहीं होती है। रोजाना दिन में जितना पानी पिए उतना पिए लोग क्या कहते हैं इस पर ध्यान नहीं दीजिए। जिस दिन आपके अंदर आत्मविश्वास आ जाएगा तो वह लोग आपके मोटापे पर कभी उंगली नहीं उठा पाएंगे। कई परिवार ऐसे हैं जो मोटी महिलाओं के साथ अभद्रता करते हैं, उन्हें कहीं नहीं ले जाते उन्हें लगता है कि यदि वह महिला उनके साथ चलेगी तो उनकी बेइज्जती होगी! इसकी वजह से मोटी महिला अपने अंदर के आत्मविश्वास को बाहर नहीं ला पाती है नतीजा यह होता है कि वह अपने आप को दूसरी महिलाओं से कम समझने लगती हैं जो कि उनके स्वास्थ्य के लिए भी ठीक नहीं होता है। यदि आप अपने अंदर के आत्मविश्वास को जगाना चाहती हैं तो दर्पण के सामने खड़े हो जाइए और अपनी बॉडी इमेज को अच्छी तरह से निहारे एक आलोचक की तरह नहीं एक दोस्त की तरह अपने को परखे, यदि परखते समय आपको ऐसा लगे कि आप काफी मोटी हैं तो ऐसा सोचते समय अपनी भावनायें सही रखें, निराशा या अवसाद से घिरकर कहीं जाने से हिचकिचायें नहीं, बल्कि बेझिझक जाए।

तरक्की में अपनी स्थूल काया को अवरोधक मानने वाले सभी अभिनय से काम लेते हैं ताकि कमियों को छिपा जाए मगर यह उचित नहीं। दरअसल प्रतिभा हो तो स्थूलता आड़े आ नहीं सकती। अपने समय की एक मशहूर अदाकारा टुनटुन हुआ करती थी जिनका वास्तविक नाम उमादेवी था वह अपने मोटापे को लेकर कभी हीन भावना से ग्रस्त नहीं थी उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी फुलफुली काया से ही अपनी एक पहचान बनाई थी आज भी टुनटुन को लोग याद करते हैं। मोटापा कोई जी का जंजाल नहीं है आप अपने अंदर थोड़ा सा स्फूर्ति जगाकर चुस्त–दुरुस्त बनने की कोशिश करें, ताकि सामने वाले के मुंह स्वयं बंद हो जाए। आप अपने व्यवहार कुशलता से सबके मन जीत सकती है। मोटापा कोई बद्दुआ नहीं है फिर क्यों पतले होने के सपने पाल कर हजारों रुपए खर्च करके स्वयं के स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाये? यह दुनियाँ है और लोगों का काम है कहना, लोगों को कहने दीजिए! आप इतनी प्रतिभाशाली बनें कि लोगों के मुंह पर ताले लग जाए और खुद का ख्याल रखिए। दिन भर ऐसे कार्य कीजिए जिसमें आपको फुर्ती मिलती रहे बस चतुरता से निखरिये और सुने सबकी करे अपने दिल की।

पूजा गुप्ता
मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश)

## मेरी अपने

लेखिका–प्रीति चौधरी मनोरमा

अनिकेत दिन भर मोबाइल पर ही अपना समय व्यतीत करता था।फेसबुक, इंस्टाग्राम और सोशल मीडिया पर नित्य नए वीडियोस साझा करता और लाइक और कमेंट की रिक्वेस्ट करना उसकी दिनचर्या का अभिन्न अंग थे। उसके कई फॉलोवर्स और फेसबुक मित्र बन चुके थे ।अनिकेत के माता–पिता जब उसे इस दुनिया से बाहर निकालने का प्रयास करते तो वह उन्हें अपना दुश्मन समझने लगता। यदि वे मोबाइल पर पाबंदी लगाते तो वह चीजें उठा –उठा कर फेंकने लगता। यदि मोबाइल उसे नहीं दिया जाता तो वह पागलों जैसा व्यवहार करने लगता था। उसे भी सारे फेसबुक मित्र ही अपने सगे नजर आते और अपने माँ–बाप दुश्मन ।धीरे–धीरे वह समाज से विरक्त सा हो चला और अपने कमरे में बस मोबाइल पर ही टकटकी बांधे कार्य करता रहता था। एक बार अनिकेत की आँखें खुल गयीं।हुआ यूँ कि रास्ते में उसकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई ।बहुत ज्यादा ब्लड लॉस हुआ। वह मूर्छित होकर सड़क पर गिर गया। तभी पड़ोस के शर्मा अंकल ने उसे अपने गाड़ी में डाला और निकट के अस्पताल में भर्ती कराया ।सुनकर तुरंत ही उसके माता–पिता चिकित्सालय पहुँच गए ।अनिकेत का काफी खून बह चुका था। उसे रक्त की आवश्यकता थी। उसकी बहन ने उसके लिए खून दिया। अनिकेत होश में आया तो उसने खुद को अपने कुटुंब जनों से घिरा हुआ पाया। सभी के चेहरे पर चिंता और विषाद की रेखाएँ थीं। बहन का तो रोते–रोते बुरा हाल था। जो बहन माता–पिता से अनिकेत की शिकायत करती थी तो अनिकेत को वह अपनी शत्रु नजर आती थी। कभी–कभी वह गुस्से में यह भी कह देता था कि ष्अगर तू मर भी जाए तो मैं एक आँसू भी नहीं बहाऊँ ।तेरी शादी करके फिर कभी तुझे वापस मायके में नहीं देखना चाहता ष।आज उसी बहन ने उसके लिए रक्तदान किया।अनिकेत ने अपने एक्सीडेंट की फोटो फेसबुक पर अपलोड की और अपने सोशल मीडिया के मित्रों से रक्तदान की अपील की।किंतु वे सभी मित्र जो लाइक और कमेंट किया करते थे ।उसके फॉलोवर होने का दावा करते थे, सभी उससे किनारा कर गए ।किसी ने उसकी मदद नहीं की। इस घटना के बाद अनिकेत की आँखें खुल गयीं। आज एहसास हो गया कि कौन उसके अपने हैं कौन पराये।

प्रीति चौधरी मनोरमा
जनपद बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

## आओ अपनी काबिलियत का लोहा मनवाएं



व्यक्तित्व निर्माण एक सतत प्रक्रिया है, जो हर दिन प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से उत्कृष्टताध निकुष्टता की ओर बढ़ता रहता है, हमें उत्कृष्टता का दृढ़ संकल्प लेना है – एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया – हजारों वर्ष पुरानी भारतीय संस्कृति के बारे में कहा जाता है कि सृष्टि में मानवीय योनि की पहचान यहीं से हुई है, जो बंदरों से विकसित होते हुए माननीय योनि तक विकसित हुई और बौद्धिक क्षमता का विकास होते गया, जिसकी भव्यता हम वर्तमान स्तर में देख रहे हैं कि मानवीय योनि ने दुनिया को कहां से कहां और कैसी डिजिटल स्थिति में पहुंचा दिया कि, साक्षात मानवीय आकृति रोबोट बना दिया जो पूरी तरह से माननीय कार्य करने में सक्षम है, जो मानवीय बौद्धिक क्षमता का प्रमाण है। परंतु अगर हम इस तकनीकी प्रौद्योगिकी मेड मानव से हटकर सृष्टि रचयिता मानव में तकनीकी स्तरपर गुणों, व्यक्तित्व का विकास करने पर ध्यान दें तो हर मानवीय जीव अपने अपने स्तर पर एक अनोखा इतिहास रच सकते हैं!! जिसके सहयोग से हम विश्व को कहां से कहां ले जा सकते हैं। चूंकि हम यहां मानवीय गुणों के विकास की बात कर रहे हैं तो सबसे महत्वपूर्ण गुण मानवीय व्यक्तित्व है, जो हर मानव अपने आप में पहचानकर उसमें अपने आप को ढाले तो वह स्वयं इतिहास रच सकता है। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,आओ अपने व्यक्तित्व को अपनीपहचान बनाकर इतिहास रचें।

साथियों बात अगर हम भारतीय संस्कृति में पले मानवीय जीव की करें तो मेरा मानना है कि सदियों से हर मानवीय जीव की अभिलाषा रहती है कि मेरे बच्चे इतनी ऊंची सकारात्मक तरक्की करें कि मैं अपने बच्चों के नाम से पहचाना जाऊं कि यह फलाने के पिता हैं! बिल्कुल सही बात! बस! इसके लिए हर व्यक्ति को चाहे वह मेल हो या फीमेल उसके संबंध में माता–पिता शिक्षक समाज सबका एक ही लक्ष्य होना चाहिएकि अपने बच्चों के व्यक्तित्व को निखारें क्योंकि, हर बालक अनगढ़ पत्थर की तरह है जिसमें सुन्दर मूर्ति छिपी है, जिसे शिल्पी की आँख देख पाती है। वह उसे तराश कर सुन्दर मूर्ति में बदल सकता है। क्योंकि मूर्ति पहले से ही पत्थर में मौजूद होती है शिल्पी तो बस उस फालतू पत्थर को जिसमें मूर्ति ढकी होती है, एक तरफ कर देता है और सुन्दर मूर्ति प्रकट हो जाती है। माता–पिता शिक्षक और समाज बालक को इसी प्रकार सँवार कर खूबसूरत व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। एक अच्छे व्यक्तित्व निर्माण के मूल्यों के नियम बच्चों में रखना जरूरी है। इसलिए सबसे पहले बच्चों में या हमने खुद में समझदारी, धैर्य, उच्च विचार, गुस्से पर कंट्रोल सच्चाई पारदर्शिता को अपनाकर खुद को पहचाने। साथियों बात अगर हम अपने व्यक्तित्व की करें तो, हर मनुष्य का अपना–अपना व्यक्तित्व है। वही मनुष्य की पहचान है। कोटि–कोटि मनुष्यों की भीड़ में भी वह अपने निराले व्यक्तित्व के कारण पहचान लिया जाएगा। यही उसकी विशेषता है। यही उसका व्यक्तित्व है। प्रकृति का यह नियम है कि एक मनुष्यकी आकृति दूसरेसे भिन्न है।आकृति का यह जन्मजात भेद आकृति तक ही सीमित नहीं हैय उसके स्वभाव, संस्कार और उसकी प्रवृत्तियों में भी वही असमानता रहती है।

व्यक्तित्व–विकास में वंशानुक्रम तथा परिवेश दो प्रधान तत्त्व हैं। वंशानुक्रम व्यक्ति को जन्मजात शक्तियाँ प्रदान करता है। परिवेश उसे इन शक्तियों को सिद्धि के लिए सुविधाएँ प्रदान करता है। बालक के व्यक्तित्व पर सामाजिक परिवेश प्रबल प्रभाव डालता है। ज्यों–ज्यों बालक विकसित होता जाता है, वह उस समाज या समुदाय की शैली को आत्मसात् कर लेता है, जिसमें वह बड़ा होता है और उस व्यक्ति के गुण ही व्यक्तित्व पर गहरी छाप छोड़ते हैं।

साथियों सब बच्चे जुदा–जुदा परिस्थितियों में रहते हैं। उन परिस्थितियों के प्रति मनोभाव बनाने में भिन्न–भिन्न चरित्रों वाले माता–पिता से बहुत कुछ सीखते हैं। अपने अध्यापकों से या संगी–साथियों से भी सीखते हैं। किन्तु जो कुछ वे देखते हैं या सुनते हैं, सभी कुछ ग्रहण नहीं कर सकते। वह सब इतना परस्पर–विरोधी होता है कि उसे ग्रहण करना सम्भव नहीं होता। ग्रहण करने से पूर्व उन्हें चुनाव करना होता है। स्वयं निर्णय करना होता है कि कौन–से गुण ग्राह्य हैं और कौन–से त्याज्य। यही चुनाव का अधिकार बच्चे को भी आत्मनिर्णय का अधिकार देता है। प्रत्येक मनुष्य के मन में एक ही घटना के प्रति जुदा–जुदा प्रतिक्रिया होती है। एक ही साथ रहने वाले बहुत–से युवक एक–सी परिस्थितियों में से गुजरते हैं, किन्तु उन परिस्थितियों को प्रत्येक युवक भिन्न दृष्टि से देखता है, उसके मन में अलग–अलग प्रतिक्रियाएं होती है। यही प्रतिक्रियाएं हमें अपने जीवन का दृष्टिकोण बनाने में सहायक होती हैं।हम अपने मालिक आप हैं, अपना चरित्र स्वयं बनाते हैं। ऐसा न हो तो जीवन में संघर्ष ही न हो, परिस्थितियां स्वयं हमारे चरित्र को बना दें, हमारा जीवन कठपुतली की तरह बाह्य घटनाओं का गुलाम हो जाए। सौभाग्य से ऐसा नहीं है। मनुष्य स्वयं अपना स्वामी है। अपना चरित्र वह स्वयं बनाता है। चरित्र–निर्माण के लिए उसे परिस्थितियों को अनुकूल या सबल बनाने की नहीं बल्कि आत्मनिर्णय की शक्ति को प्रयोग में लाने की आवश्यकता है। साथियों बात अगर हम व्यक्तित्व विकास में खुद्द की पहल की करें तो, हमेशा अपने से स्वयं कहें ! मैं कर सकता हूं, ये मेरे लिए है। इससे जीवन में आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिलता है। साथ ही इससे आत्म सम्मान बढ़ता है और व्यक्तित्व में भी निखर आता है। अपने अन्दर अच्छा व्यक्तित्व विकास लाने का एक और सबसे बाड़ा कार्य है अपने विश्वदृष्टि में बदलाव लाना। दूसरों की बात को ध्यान से सुनें और अपने दिमाग के बल पर अपना सुझाव या उत्तर दें। अपने फैसलों को खुद के दम पर पूरा करें क्योंकि दूसरों के फैसलों पर चलनाया कदम उठान असफलता का कारण है। चाहें आपकी बातें हो या आपके कार्य, सभी जगह सकारात्मक सोच का होना अच्छे व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत आवश्यक है। हमारे सोचने का तरीका यह तय करता है कि हम अपना कार्य किस प्रकार और किस हद तक पूरा कर सकेंगे। सकारात्मक विचारों से आत्मविश्वास बढ़ता है और व्यक्तित्व को बढाता है। जीवन में कई प्रकार की ऊँची–नीची परिस्थितियाँ आती हैं परन्तु एक सकारात्मक सोच रखने वाला व्यक्ति हमेशा सही नजर से सही रास्ते को देखता है। साथियों बात अगर हम अपने प्रतिभा और बहादुरी से इतिहास रचने वाले कुछ भारतीयों की करें तो वैसे तो, अगर भारत के पिछले 100 सालों के इतिहास को देखें तो देश में कई बड़ी महान हस्तियों ने जन्म लिया है, इनमें से कुछ हमें छोड़कर चले गए हैं तो कुछ को हम भूल से गये है। भारत को आजाद कराने में कई महान क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहूति दी थी, उस दौर में क्रांतिकारियों के अलावा भी कई ऐसे लोग थे जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का नाम रौशन किया था, लेकिन इन महान हस्तियों को हम आज शायद कुछ भूल चुके हैं। यहां हम कुछ ऐसे नामों की चर्चा करेंगे जिन्हें शायद अनेकों लोग ना जानते हो (1) भारतीय शास्त्रीय संगीत की पहली 'संगीत साम्राज्ञी'भारतीय शास्त्रीय गायक केसरबाई केरकर ने सन 1938 में 'सुरश्री' (संगीत की रानी) का खिताब जीता था। सबसे खास बात केसरबाई के संगीत की गूंज अंतरिक्ष तक पहुंची थी।(2) सत्येंद्रनाथ टैगोर,लेखक, कवि, साहित्यकार, संगीतकार और समाज सुधारक के तौर पर जाने जाते हैं। सन 1864 में उन्होंने 'इंडियन सिविल सर्विस' जॉइन की थी, टैगोर को भारत के पहले आईएएस अधिकारी के तौर पर भी जाना जाता है।वोविश्वविख्यात कवि रविंद्रनाथ टैगोर के बड़े भाई थे।(3)दुनियाभर में ह्यूमन कंप्यूटर के नाम से मशहूर शकुंतला देवी बड़ी से बड़ी संख्या को गुणा करके मिनटों में उसका हल निकलने के अपने कौशल के लिए दुनियाभर में मशहूर थीं।(4) भारत की पहली महिला चार्टर्ड एकाउंटेंट आर. शिवाभोगम भारत की पहलीमहिला चार्टर्ड एकाउंटेंट के रूप में जाती हैं। (5) क्वॉन्टम फिजिक्स की खोज करने वाले सत्येंद्र नाथ बोस को सन 1920 के दशक में क्वॉन्टम फिजिक्स में किए गए उनके शोध के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। (6) टाटा की विरासत को पूरी दुनिया में फैलाना जमशेदपुर शहर का नाम रतन टाटा के पूर्वज जमशेदजी नसरवानजी टाटा के नाम पर रखा गया था।(7) हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को मशहूर बनाने वाले उस्ताद बड़े गुलाम अली खान।(8) भारत की सबसे कम उम्र की महिला क्रांतिकारी सुनीति चौधरी को भारत की सबसे कम उम्र की महिला क्रांतिकारी के रूप में जाना जाता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, आओ अपनी काबिलियत का लोहा मनवाएं। आओ अपने व्यक्तित्व को अपनी पहचान बनाकर इतिहास रचें। व्यक्तित्व निर्माण एक सतत प्रक्रिया है जो हर दिन प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से उत्कृष्टताध निकुष्टता की ओर बढ़ता रहता है। हमें उत्कृष्टता का दृढ़ संकल्प लेना है।

–संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखध्दास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु के साथ अहम बैठक संपन्न, की गई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा




कानपुर।
जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की प्राप्त समस्याओं को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।बैठक में मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि अग्निशमन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरने के दौरान वेबसाइट में समस्या हो रही है जिस पर जिलाधिकारी ने सीएफओ द्वारा समस्त उद्यमियों के साथ एक बैठक आयोजन करते हुए पोर्टल की विभिन्न समस्याओं के संबंध में शासन को अवगत कराने के निर्देश दिए।बैठक में आईआईए के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि सिंचाई विभाग पीडब्ल्यूडी की भूमि पर पनकी साइड –1 के नहर पुल से लेकर सीटीआई चौराहे तक की नहर पटरी के दोनों तरफ अतिक्रमण है तथा दोनो तरफ सड़क चौड़ीकरण कराने के लिए कहां जिस पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को सड़क चौड़ीकरण कराने के संबंध में प्रस्ताव को शासन स्तर से स्वीकृत कराने के संबंध में कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र दादा नगर खंड के अंतर्गत आने वाले तीन फीडरों ,एच–1, पालीमर, इस्पात नगर में ट्रीपिंग होने की समस्या बताएं जिस परउपस्थित केस्को के अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि ओवरलोडिंग कम करने के लिए दादा नगर क्षेत्र में 20 एम पी ए का एक सबस्टेशन प्रस्तावित है जो 1 वर्ष में बन कर प्रारंभ हो जाएगा जिसके बाद उक्त समस्या से निराकरण मिल जाएगा। बैठक में उधमियों द्वारा फजलगंज क्षेत्र में प्राइवेट ट्रैवल एजेंसी द्वारा सड़क पर ही वाहन पार्किंग करने की समस्या बताई जिस पर जिलाधिकारी ने आरटीओ प्रवर्तन दल एवं ट्रैफिक विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क पर अवैध पार्किंग करने वाले वाहनों को चिन्हित करते हुए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में उद्यमियों द्वारा यह समस्या उठाई गई थी दादा नगर औद्योगिक क्षेत्र में अवैध रूप से सड़क किनारे कबाड़ी की दुकान लगने लगी है जिसके कारण क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देकर फैक्ट्री से निकाल कर कबाड वालों को सामान बेचने की समस्या बताई जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध रूप से सड़क किनारे स्थापित कबाड़ी की दुकानों को तत्काल हटाए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
बैठक में जिला आबकारी अधिकारी ने समस्त उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में अवैध रूप से बारकोड व शराब की बोतल के ढक्कन बनने वाली फैक्टरी पूर्व वर्षों में पकड़ी गई थी । सभी उद्यमी जिम्मेदार नागरिक बनते हुए अपनी फैक्ट्री के आसपास स्थित इस तरह की अवैध गतिविधि होने की सूचना तत्काल जिला आबकारी अधिकारी को उपलब्ध कराएं ताकि कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकें।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, अपर जिलाधिकारी (भू0अा0) सत्येन्द्र कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार श्रीवास्तव सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी, उद्यमी संगठनों के पदाधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

# एक टन से ऊपर प्रतिबंधित कैरीबैग किए गए जब्त



कानपुर।
नगर निगम प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायण को सूचना मिली कि एक गाड़ी प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग लेकर ट्रांसपोर्ट नगर से लखनऊ की ओर जाएगी।इसी क्रम में प्रवर्तन दल के सदस्यों ने टाटमिल चौराहे पर नाका लगाकर एक टाटा एस लोडर संख्या यूपी 77 टी9792 पकड़ा जो 34 बोरियों में 1,020 किलो प्रतिबंधित कैरीबैग "राज प्लास्टिक एजेंसी" लखनऊ ले जा रहा था। पूछताछ में पता चला कि यह माल हलोल, गुजरात से आया था और ट्रांसपोर्ट नगर स्थित "गंगा कार्गो ट्रांसपोर्ट" द्वारा लखनऊ भेजा जा रहा था।लोडर को नगर निगम लाकर प्रतिबंधित माल को जब्त किया गया और तत्काल पनकी कूड़ा प्लांट निस्तारण हेतु भिजवा दिया गया। राजस्व निरीक्षक अरविंद मिश्रा द्वारा ट्रांसपोर्टर से 50,000 रुपए जुर्माना वसूला गया। इस अभियान में प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र सिंह, हवलदार धनंजय, जितेंद्र सिंह, रामनरेश, इंद्रजीत, भूपेंद्र, राजेश, राज नारायण, जितेंद्र बहादुर इत्यादि शामिल रहे।

# तीन इंसानों की जान लेने वाला तेंदुआ अब काटेगा उम्र कैद पिंजरे में भी दिखा रहा है गुस्सा




कानपुर।
कानपुर नगर आपको बता दें लखीमपुर में गोला रेंज के राजकीय कृषि बीज संवर्धन केंद्र जमुनाबाद फार्म में तीन लोगों का शिकार करने वाला खूंखार और नरभक्षी तेंदुआ अब कानपुर चिड़ियाघर में उम्रकैद की सजा काटेगा। वन विभाग की टीम लखीमपुर से 48 घंटे बाद गुरुवार दोपहर दो बजे उसे लेकर चिड़ियाघर पहुंची। पिंजरे में कैद रहने के दौरान वह लगातार दहाड़ लगाकर अपना गुस्सा दिखाता रहा। आक्रामक स्वभाव को देखते हुए वन्य जीव चिकित्सकों ने उसे 12 दिन के लिए एकांतवास में छोड़ दिया है। कानपुर चिड़ियाघर के प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी डा. अनुराग सिंह, डा. मोहम्मद नासिर, डा. नितेश कटियार की टीम ने लखीमपुर से आते ही तेंदुए का चिकित्सीय परीक्षण भी किया। डा. अनुराग सिंह ने बताया कि तेंदुए की उम्र करीब सात वर्ष है। उसने शाम तक करीब तीन किलोग्राम मांस खाया और तीन लीटर पानी पीया। इसके साथ ही अब चिड़ियाघर में तेंदुओं की संख्या बढ़कर 19 हो गई है।

# संविधान दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा डीबीएस कॉलेज में कार्यक्रम का किया गया आयोजन,




कानपुर।
डी बी एस कालेज कानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्रा जी ने करते हुए कहा कि भारत में संविधान दिवस 26नवम्बर को प्रत्येक वर्ष सरकारी तौर पर मनाया जाने वाला कार्यक्रम है जो संविधान के जनक डॉ. बी .आर. अम्बेदकर को याद और सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है जिसके साथ ही उन्होंने बताया कि संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों से युवा पीढ़ी किस प्रकार राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकती है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ जगदीप दिवाकर ने छात्रों को न सिर्फ संवैधानिक अधिकारों बल्कि संवैधानिक कर्तव्यों पर भी बल देने को प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ एस पी सिंह ने छात्रों एवं स्वयंसेवकों को देश प्रेम व संविधान के विविध आयामों से परिचय कराते हुए आये हुए सभी अतिथियों एवं छात्रो को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन बी.एड.विभाग के प्राध्यापक डॉ सुनील उपाध्याय ने किया।

# रशियन डांसर की सुरक्षा में तैनात बाउंसर की हर्ष फायरिंग में दर्दनाक मौत




कानपुर।
कानपुर टाटमिल स्थित रॉयल गार्डन पार्टी लॉन में एक शादी समारोह के दौरान गोली लगने से बाउंसर ( सुरक्षाकर्मी ) मोहम्मद सादिक 35 वर्ष की मौत हो गई ! मृतक बाउंसर 7 बार मिस्टर कानपुर और एक बार मिस्टर यूपी रह चुका था भाई का कहना है कि घटना के बाद पार्टी में मौजूद लोग सादिक को लेकर अस्पताल भागे थे लेकिन उसे नही बचाया जा सका ।जिसके बाद शादी समारोह में म्रतक बाउंसर जिस सिक्योर्टी एजेंसी के जरिए पहुंचा था उसके द्वारा परिवार वालों को इस घटना के बारे में सूचना दी गयी जिसके बाद परिवार ने घटनाक्रम की जानकारी रेलबाजार थाने को दी जहाँ देर रात 12रू30 बजे पुलिस पहुँची और घटनाक्रम में कार्यवाही करते हुए घटना के साक्ष्य जुटाए ।पार्टी भाजपा नेता रामजी गुप्ता के परिवार की थी फिलहाल पूरे मामले में पुलिस गेस्ट हाउस के सीसीटीवी फुटेज के जरिए पता कर रही है कि डीजे पर नाचने वाले किस युवक द्वारा गोली चलाई गई है। पूछताछ के लिए भाजपा नेता रामजी गुप्ता को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है।

# कानपुर नगर के जिला कारागार में आचार्य पूज्य श्रमणीय आर्यिका विशिष्ट माता जी के द्वारा बंदी महिलाओं को दिया गया मंगल प्रवचन




कानपुर।
जिला कारागार कानपुर नगर में बंदी महिलाओं को मंगल प्रवचन सुनाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें प्रमुख रूप से महिलाओं को बताया गया कि कैसे अपने जीवन में सुधार करें एवं किस तरह से जीवन को संयमित रखें। कार्यक्रम में शिरकत करने आईं आचार्य पूज्य श्रमणीय आर्यिका विशिष्ट श्री माताजी ने अपने संघ के साथ महिलाओं को मंगल प्रवचन दिया। बताते चलें कि माता जी के द्वारा 10 वर्ष की उम्र में चप्पल का त्याग ,12 वर्ष की उम्र में गद्दा रजाई का त्याग किया गया ,15 वर्ष की उम्र में आचार्य श्री विराग सागर से व्रत लिया था और 18 वर्ष की उम्र में दीक्षा भिंड नगर में ली थी इनकी दीक्षा को 25 वर्ष हो चुके हैं और खाने में एक ही अनाज खाती है। इनका कानपुर में 25 वां चतुर्मास था। इस प्रवचन मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं को सही दिशा और नया मार्गदर्शन देने का है। इसी के चलते जिला कारागार में मौजूद महिला बंदियों को माता जी एवं उनके संघ द्वारा प्रवचन सुनाया गया। इस मौके पर जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडे ने बताया कि इस तरीके के प्रवचन से समाज में महिलाओं के प्रति अच्छी जागरूकता होती है इस तरीके के कार्यक्रम आयोजन से बंदियों को एक नई दिशा और दशा मिलती है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ अनुपम जैन ने इस मौके पर बताया कि ऐसे कार्यक्रम से बंदी महिलाओं के अपराध की सजा तो कम नहीं हो सकती लेकिन इस तरीके के कार्यक्रम के आयोजन से बंदी महिलाएं अपने मानसिक संतुलन से सजा को सरल बना सकती है। कार्यक्रम का सफल संचालन एवम संयोजन डॉ अनुपम जैन और जेल अधीक्षक डॉक्टर बीडी पांडे के द्वारा संपन्न हुआ हुआ ।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रेनू जैन शिखा जैन नीलम जैन अंतिम जैन प्रदीप जैन संतोष जैन त्रिभुवन जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिठूर थाना क्षेत्र में 2015 में हुए एक मामले को लेकर अभियुक्तों को सुनाई गई सजा व जुर्माना

आपको बता दें कि कानपुर नगर के एडीजे –06 की कोर्ट में 2015 में बिठूर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए एक विवाद को लेकर अभियुक्तों को 3–3 वर्ष की सजा एवं 75000 का जुर्माना लगाया गया है।
बताते चलें कि अभियुक्तों के ऊपर धारा 147 ,148 ,332 ,353 ,427 आईपीसी के तहत मुकदमा लिखा गया था। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जितेंद्र कुमार पांडे ने मीडिया बंधुओं को बताया की मामला 4–7– 2015 का है ,जिसमें अभियुक्त लालमन, बुद्धन ,जयसिंह, सोमेंद्र गुलाब, सुनील इन लोगों ने मिलकर पुलिस के ऊपर रात्रि 9.50 पर हमला बोल दिया था जिसमें 2 पुलिसवाले घायल भी हुए थे जिसमें हमला करने वालों ने पुलिस बल पर हमला कर उनकी मोटरसाइकिल भी तोड़ दी थी। इसी के चलते मामला कोर्ट में चल रहा था जिसमें अब इन सभी अभियुक्तों को सजा एवं जुर्माना सुनाया गया है। पीडब्लू 1 दुर्गेश सिंह ने मुकदमा लिखवाया था और घायल पीडब्लू2 दीपक सक्सेना ने अपने बयान दिए थे । मामले के संदर्भ में माननीय न्यायालय ने बयानों के आधार पर अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा एवं जुर्माना लगाया है।



# कानपुर में टेलर की दुकान से लाखों की चोरी




कानपुर।
कानपुर में ठंड के दस्तक देते ही पुलिस गश्त के नहीं होने चोरबा रातों को अंजाम दे रहे हैं ऐसे ही चोरों ने बर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत करही रोड पर टेलर की दुकान को निशाना बनाते हुए 100 जोड़ी पैंट शर्ट पार कर दिए हैं अगली सुबह दुकानदार दुकान खोलने के लिए पहुंचा तब ताले टूटे देख उसके होश उड़ गए इस पर उसने आनन–फानन में पुलिस को सूचना दी पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों की तलाश की जा रही है दुकानदार ने फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले युवक पर शक जताया है जरौली गांव निवासी दिनेश कुमार सक्सेना की करही रोड पर प्रकाश टेलर के नाम से दुकान है उन्होंने बताया कि उनकी दुकान वाले मकान में इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है जिसके चलते दुकान को मकान के पीछे एक कमरे में शिफ्ट की गई थी दुकानदार ने बताया कि अधिकतर लोगों ने बारात में जाने के लिए कपड़े सिलवाए थे इसी दौरान चोरों ने ग्राहकों के करीब 100 जोड़ी सिले हुए पेंट शर्ट और 1000 पार कर दिए हैं बर्रा थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि चोरों की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।

# पास्को एक्ट में फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफतार




कानपुर। नाबालिग से रेप और पॉस्को एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी कानपुर की गुजैनी थाना पुलिस की ओर से की गई है, उस पर पुलिस अधिकारियों की ओर से 15 हजार का ईनाम घोषित कर रखा था,जिसकी गिरफ्तारी के बाद जेल भेज दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी गुजैनी राजेश कुमार ने बताया कि एक साल पहले एक पीड़िता की तहरीर के आधार पर अपराध संख्या 758/2021 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था,इस मुकदमे में आरोपी कुलदीप वाल्मिकी फरार चल रहा था,जो मूलरूप से बुंदेलखंड के महोबा का रहने वाला है, उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे थे,इस दौरान अधिकारियों की ओर से 15 हजार का ईनाम घोषित किया गया था, थाना प्रभारी ने बताया की मुखबिर की सटीक जानकारी के बाद आरोपी की गिरफ्तारी की गई है, जिस पर पुलिस अधिकारियों की ओर से गिरफ्तारी करने वाली टीम चौकी प्रभारी राजेश बाजपेई हेड कांस्टेबल अनुराग सिंह की प्रशंसा की गई है।

# सातवां राष्ट्रीय अविरल कवि सम्मेलन का आयोजन दिल्ली में

सातवां राष्ट्रीय अविरल कवि सम्मेलन दिल्ली में एक शाम दिल्ली के नाम का आयोजन आगामी 30 नवंबर को जनकपुरी दिल्ली में शाम 4 बजे से किया जा रहा है।आईपीसी न्यूज चौनल व इंटरनेशनल प्रेस कम्युनिटी के संयुक्त तत्वावधान द्वारा ये सातवां राष्ट्रीय अविरल कवि सम्मेलन दिल्ली में बड़े धूम–धाम से होने जा रहा है।इसकी जानकारी डॉ परमिंदर पांडेय जी ने दी। कार्यक्रम के संयोजक ने बताया कि सभी दिल्ली के साहित्य प्रेमियों को इस अद्भुत कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया है। इस कवि सम्मेलन में कार्यक्रम अध्यक्ष रू जय सिंह आर्या ( राष्ट्रीय कवि) मुख्य अतिथि रू बाबा कानपुरी जी,अतिथि रू डॉ. कुलदीप तिवारी, डॉ. कपिल सिंह ठाकुर, डॉ. हरविंदर सिंह, डॉ. रितेश श्रीवस्तव, डॉ. शुशांत पाढ़ी, डॉ. एस. के. शर्मा, डॉ. जितेंद्र – प्रिती मनचंदा, राजनाथ पांडेय, डॉ. प्रेमनाथ सिंह, डॉ. एल. के. एस. चौहान इत्यादि शामिल हो रहे है।इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले देश के लोकप्रिय कवियों एवं शायरों के रूप में राजेंद्र चंचल (हास्य कवि),विकास मिश्र "सागर" आशु कवि,निर्भय निर्वाण,बबिता पाण्डेय,ममता श्रीवास्तव,तरुणा पुंडीर,पूनम महेश्वरी,डॉ. ज्योति उपाध्याय,रीना झा शर्मा,कामता प्रसाद शामिल है। कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी रमेश गंगेले "अनंत"जी निभायेंगे ।कार्यक्रम के आयोजक रू डॉ. परमिंदर पांडेय, कैप्ट. डॉ. एम. पी. एस. पूज्जी व आईपीसी परिवार दिल्ली ने इस कार्यक्रम की पूरी रूप रेखा के बारे में मीडिया को बताया।आयोजक डॉ परमिंदर पांडेय जी ने इस सुंदर कार्यक्रम में सहयोग के लिए अपनी संस्था की मुंबई महिला लिट्रेचर पैनल की अध्यक्षा व प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. वर्षा सिंह जी व छठवें राष्ट्रीय अविरल कवि सम्मेलन के संचालक व प्रसिद्ध कवि अंजनी द्विवेदी जी व संपूर्ण आयोजन कर्ता भाई डॉ. कैप्ट पूज्जी साहब को धन्यवाद दिया जिनके सहयोग से ये कार्यक्रम के आयोजन की रूप रेखा निर्धारित हुई है।

# कहां चल दिए छोड़कर घौंसला,खुदकुशी नहीं अंतिम फैसला...ज्योति बाबा



कानपुर। लोगों को किसी प्रकार का सदमा लगने, पारिवारिक कलह,बेरोजगारी,तलाक, प्रेम में विफलता, गरीबी,मानसिक स्वास्थ्य आदि के कारण भी लोगों को लगता है कि आत्महत्या के अलावा कोई विकल्प ही नहीं है जबकि यह तात्कालिक होता है आत्महत्या की भावना कोई स्थाई भावना नहीं होती और हर भावना की तरह समय के साथ खत्म हो जाती है जबकि उस क्षण यदि पेशेवर मनोचिकित्सक व अपनों का संवेदनापूर्ण साथ मिल जाए तो व्यक्ति उस स्थित से आसानी से निकल जाएगा, उपरोक्त बात नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल के तहत सोसाइटी योग ज्योति इंडिया,अंतरराष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी, उत्तर प्रदेश सोशल ऑडिट समिति व बेटिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वेबीनार शीर्षक देश में बढ़ती आत्महत्या कारण और निवारण पर अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्त अभियान के प्रमुख नशा मुक्त समाज आंदोलन के नेशनल ब्रांड एंबेसडर योग गुरु ज्योति बाबा ने कही,ज्योति बाबा ने आगे कहा कि इन परिस्थितियों से उबरने के लिए लोग अक्सर शराब और ड्रग्स का सहारा लेते हैं जो उनकी स्थिति को और बिगाड़ देते हैं क्योंकि आत्महत्या के विचारों का सामना कर रहे व्यक्ति को ऐसा करने के लिए स्टीमुलांट्स भावावेग प्रदान करते हैं ज्योति बाबा ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि दुनिया में आत्महत्या की दर 36: से बढ़ रही है जो मानवीय मूल्यों के लिए बड़ा खतरा बन चुकी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी अनिल सिंह ने कहा कि देश में हर रोज 450 लोग खुदकुशी करते हैं यानी हर घंटे 18 लोग आत्महत्या करते हैं जिस क्षेत्र में आत्महत्या की घटना होती है उस क्षेत्र के लोगों खासतौर पर लड़कियों और युवाओं पर घातक मानसिक असर पड़ता है। बेटियां फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ज्योत्स्ना जैन ने कहा कि एनसीआरबी के मुताबिक साल 2021 में 164000 एक लाख चौसठ हजार से अधिक लोगों ने आत्महत्या की है सरकार द्वारा बढ़ती आत्महत्या रोकने के लिए राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम नीति बनाने की पहल समय की जरूरत है हम इसका स्वागत करते हैं। हेल्थ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर पी भसीन ने कहा कि दुनिया भर में होने वाली आत्महत्या में सर्वाधिक मौतें भारत में ही होती हैं इसीलिए प्रकृति की ओर लौटे और हर घर फूलों के पौधों की क्यारी अपने घर में लगाएं और देखभाल करें,आत्महत्या का विचार आएगा ही नहीं, बेटियां फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी अशोक कश्यप व महेश वर्मा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2019 में दुनिया में सात लाख से अधिक लोगों ने आत्महत्या की है,सरकार द्वारा बच्चों के पाठ्यक्रम में आत्महत्या से बचाव की जानकारी दिए जाने का प्रस्ताव स्वागत योग्य है। वेबीनार का संचालन सोशल ऑडिट के कुंदन सैनी व धन्यवाद प्रीति सैनी ने दिया। अंत में योग गुरु ज्योति बाबा ने आत्महत्या से बचने के लिए नशे से दूरी बनाते हुए योगमय जीवन चक्र अपनाने का अमृत संकल्प कराया।

# अगस्त क्रांति मंच की पदयात्रा आठवें दिन भी रही जारी

अगस्त क्रांति मंच के संयोजक कुंज बिहारी तिवारी सहित अगस्त क्रांति मंच के सैकड़ों क्रांतिकारी साथियों के द्वारा नईगढ़ी जनपद पंचायत के 300 से अधिक गांव में विकास ढूंढो पदयात्रा निकाली जा रहीं हैं पद यात्रा गाँव से प्रारंभ होकर बेलहा लेहूआ आंगनबाड़ी केंद्र के आदिवासी बस्ती में पोषण आहार का सही वितरण नहीं हो रहा है पीसीसी रोड का निरीक्षण किया गया वही यात्री प्रतीक्षालय कहीं पता नहीं विकास विकास ढूंढो पदयात्रा में अगस्त क्रांति के मंच संयोजक कुंजबिहारी तिवारी प्रियेश पांडे जिलाध्यक्ष प्रशांत उपाध्यक्ष ग्रामीण अध्यक्ष रहीश शुक्ला जिला सोशल मीडिया आयुष पांडे ब्लॉक सोशल मीडिया प्रभारी वेंकटेश कुमार तिवारी आर्यन जयसवाल नीरज पाठक सतीश मिश्रा शैलेश मिश्रा आदर्श द्विवेदी सहित सैकड़ों क्रांतिकारी मौजूद रहे।



# विकाश शीलता में नवोदय नगर शीर्ष पर



शिवालिकनगर नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने विकास की गति को आगे बढ़ाते हुए नवोदय नगर वार्ड नंबर–13 के सक्षम विहार और सिद्धार्थ एन्क्लेव में सड़क निर्माण कार्य पूजनोपरांत प्रारंभ कराया। कार्य प्रारंभ होने पर स्थानीय निवासियों व कार्यकर्ताओं ने पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा जी का स्वागत अभिनंदन कर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रवासियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नवोदय नगर के अंतर्गत अभी कुछ दिन पूर्व ही अनेक सड़कों के कार्य पूरा होने पर उनका लोकार्पण किया गया और आज भी कई सड़कों के कार्य नवोदय नगर में प्रारंभ किए गए हैं और जो शेष सड़कें रह गयी हैं उनका कार्य भी शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाओं का लाभ जल्द से जल्द दिलाने का भाजपा सरकार का वायदा धरातल पर नजर आ रहा हैं राजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री धामी के मार्गदर्शन में हमारा प्रयास है नगर पालिका का कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता न रहे और इसी इच्छाशक्ति से हम पूरे नगर पालिका क्षेत्र में विकास के कार्य कर रहे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में साफ– सफाई, स्ट्रीट लाईट कार्य, कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव आदि कार्य भी निरंतर किए जा रहे हैं क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए जो भी कार्य हैं उन्हें तत्काल पूरा किया जा रहा ताकि क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो।इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अवनीश मिश्रा, चौधरी कृष्ण पाल तोमर,दीपक नौटियाल, वरिष्ठ समाज सेवी अशोक शर्मा, सुनील कौशिक, अवधेश राय, बिन्दर पाल,भाजपा मंडल महामंत्री कैलाश भंडारी, रंणजीत बिष्ट, बलवंत रावत, भागेश्वरी , भानु प्रताप सिंह,प्रदीप चंदेल, अंकुश मलिक, वेदान्त चौहान,मान सिंह रावत, महावीर गुसाई, जितेंद्र रावत, दिनेश पाण्डेय, केवल सिंह, देवेंद्र कंडारी, दरवान सिंह रावत, जगदीश भट्ट, आशीष सिलस्वाल, मनोज शर्मा, , प्रदीप चंदेल, वीर सिंह, नीलम रावत,कुसुम रावत, सुनीता रावत, भुवनेश्वरी देवी भट्ट, संगीता भट्ट, ऋतु सिलस्वाल,सुवर्णा सिलसवाल, रणधीर राणा, महेश शर्मा, विनोद कुमार, सुरेंद्र सिंह, बृजेश शर्मा, शेखर गहलोत, महेश कुमार, रवि काला तथा अनेक क्षेत्रवासी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संविधान के महत्व व इतिहास के प्रति जागरूक करने के लिए संविधान दिवस मनाते हैं:एड. पवन कुमार सिंह




सोनभद्र में अलग पूर्वांचल राज्य की मांग कर रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा द्वारा आजादी के 75 वर्ष में संविधान दिवस मनाया गया ! सर्वप्रथम संविधान निर्माण कर्ताओं को याद कर नमन किया गया ! फिर संविधान के प्रस्तावना का पाठ किया गया ! मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव एड पवन कुमार सिंह ने कहा किसंविधान दो शब्दों से मिलकर बना है एक है 'सम' जिसका अर्थ होता है समान और दूसरा है 'विधान, जिसका मतलब होता है कानून यानी संविधान का मतलब होता है सबके लिए एक समान कानून ! भारत सरकार ने नागरिकों के बीच संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए 26 नवंबर को प्रतिवर्ष श्संविधान दिवसश के रूप में मनाने का निर्णय लिया है ! राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेश कुमार पाठक ने कहा कि संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है. आज ही के दिन आजाद भारत को एक संविधान मिला था. 26 नवंबर 1949 को, संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ !संविधान सभा का गठन जुलाई 1946 में किया गया था. इसमें 389 सदस्य शामिल थे, जिसमें महिलाओं की संख्या 12 थी ! संविधान दिवस के मौके पर देशभर में अलग–अलग तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है. लोगों को संविधान के महत्व व इतिहास के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल संविधान दिवस मनाया जाता है !राष्ट्रीय सचिव संदीप जायसवाल ने कहा कि भारत के संविधान को दुनिया का सबसे लंबा संविधान माना जाता है ! भारतीय संविधान में एक प्रस्तावना, 448 आर्टिक्स के साथ 22 पार्ट्स, 12 अनुसूचियां, 5 एपेंडिक्स और 115 संशोधन शामिल हैं. यह सबसे लंबा संविधान इसलिए भी है, क्योंकि इसमें कुल 1.46 लाख शब्द हैं ! आइए साथ मिलकर संवैधानिक मूल्यों की रक्षा हेतु संकल्प लें ! इस अवसर पर काकू सिंह , मनोज जायसवाल एड, विरेंद्र कुमार सिंह एड संजय, जायसवाल, नवीन पांडेय एड,अशोक कुमार कनौजिया एड, पवन कुमार द्विवेदी एड, दीपनारायण पटेल आदि लोग अपनी बात को रखे ।

# झोटवाड़ा में सी एन जी गैस की किल्लत से मिली निजात , जनता में छाई खुशी




जयपुर राजस्थान। झोटवाड़ा क्षेत्र में सी एन जी गैस नही होने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था तथा बहुत दूर जाना पड़ता जिससे समय और पैसा काफी बर्बाद होता था । टोरेंट गैस के ए जी एम अनिल जी निभानी ने विधिवत उद्घाटन करते हुए भगवती गौरीशंकर इंडियन ऑयल कमानी रोड औद्योगिक क्षेत्र झोटवाडा पर वाहनों के लिये सी.एन.जी गैस का शुभारंभ किया। एसोसिएशन अध्यक्ष व प्रमुख समाज सेवी आनन्द गुप्ता व पम्प संचालक मोहित गुप्ता ने संयुक्त बयान में कहा हमारा मुख्य उद्देश्य जनता की जरूरतों को पूरा करना तथा उनकी समस्या का समाधान करना है क्योंकि काफी दिनों से वाहन मालिक परेशान हो रहे थे उसी को मद्देनजर रखते हुए सी एन जी गैस शुरू की गई है। ये औघोगिक क्षैत्र होने की वजह से भारी वाहनों को भी इस सी एन जी स्टेशन से बहुत फायदा होगा गुप्ता ने सवालों का जबाब थोड़े से शब्दों में देते हुए अपनी भावनाओं से अवगत करा दिया , उन्होंने कहा मीठा बोल पूरा तौल जी आबे वहाँ डोल,यही हमारा ध्येय है।

इस अवसर पर , झोटवाड़ा थानाधिकारी घनश्याम सिंह राठौड़, दामोदर कंछल , उमंग भरतिया (टॉरेंट गैस )प्रमुख समाज सेवी राजेन्द्र शर्मा, भजन लाल अग्रवाल, शुभम कंछल, सूर्यकांत गाड़िया, राधा बल्लभ गुप्ता , तरुण गुप्ता, मक्खन लाल गुप्ता , आलोक गुप्ता,मनोज बियानी, महेंद्र गोयल , शिव गोविंद अग्रवाल, प्रतीक जैन, सुभाष अग्रवाल, रणजीत चावला , रमेश जैन, ओ पी सिंह व अन्य उपस्थित रहे तथा सभी ने खुशी जाहिर करते हुए आनन्द गुप्ता व मोहित गुप्ता को बधाई व शुभकामनाएं दी।

# फिजियोथेरेपी को मालिश नहींरू डॉ सत्यम भास्कर (पीसीआई)

जेपी सिद्धार्थ होटल, राजेन्द्र प्लेस, दिल्ली में आयोजित एक समारोह में पीसीआई के वरिष्ठ भौतिक चिकित्सक डॉ सत्यम भास्कर ने फिजियोथेरेपी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक ऐसी पद्धति है जिसके बिना चिकित्सा जगत की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। बिना दवाई के रोगी का सफल इलाज किया जाता है, और रोगी की जीवन शैली को ठीक करने का काम किया जाता है।अलग अलग तरीकों से, आधुनिक मशीनों द्वारा और एक्सरसाइज द्वारा सफल इलाज किया जाता है। जोड़ों का दर्द, लकवा, स्पोर्ट्स इंज्यूरी, स्पेशल चाइल्ड, न्यूरोलॉजीकल डिसार्डर, फिटनेस आदि में फिजियोथेरेपी बहुत असरदार साबित हो रही है। डॉ सत्यम भास्कर ने आम नागरिकों से अपील किया है कि आप फिजियोथेरेपी को मालिश न समझें , आपको दिग्भ्रमित किया जा रहा है। यह कैसे संभव है कि कोई डाक्टर मालिश करेगा, आप स्वयं अपने विवेक से काम लें, अगर कोई ऐसा बोलते हैं तो उन्हें भी समझाने की कोशिश करें।फिजियोथेरेपी कोई मालिश नहीं, ना ही सिकाई है, ना ही करेंट है, ना ही कोई जिम है। फिजियोथेरेपी को समय सीमा से मत आंकिए कि ये एक घंटे या आधे घंटे का इलाज है।



# रामनगरी अयोध्या में श्री राममंदिर निर्माण को लेकर ट्रस्ट ने जारी की नई तस्वीरें, किया यह बड़ा दावा

अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्मनगरी अयोध्या , श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शुक्रवार को राममंदिर निर्माण को लेकर ताजा तस्वीरें जारी की हैं। इन तस्वीरों के माध्यम से दावा किया है कि राम मंदिर निर्माण को लेकर गर्भगृह, गुड मंडप व रंग मंडप की दीवारें लगभग पूरी हो चुकी हैं। हर हाल में दिसंबर 2023 तक भूतल का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा और जनवरी 2024 में रामलला को गर्भगृह में विराजमान कर दिया जाएगा।ट्रस्ट महासचिव चंपत राय का कहना है कि बैठक कर दिसंबर 2023 तक भूतल निर्माण का कार्य पूरा किए जाने के साथ ही जनवरी 2024 में भगवान श्री रामलला को विराजमान कराए जाने की घोषणा की गई थी। जिसको लेकर एलएंडटी व टाटा के इंजीनियर व वर्कर लगातार 24 घंटे कार्य में जुटे हैं। अब तक मंदिर निर्माण में कुल 60 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। ट्रस्ट सदस्य डॉ अनिल मिश्रा का कहना है कि गर्भगृह, गुड मंडप व रंग मंडप की दीवारों का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। साथ ही नीचे से पत्थरों की सिलाई भी लग चुकी है और अब ऊपरी हिस्से के पत्थर लगना प्रारंभ हो गया है। मंदिर के भूतल में लगने वाले कुल 166 पिलर के बेस में पत्थरों को लगाए जाने का 75 फीसदी कार्य पूरा हो गया है।अब ऊपर के पत्थर लगाए जा रहे हैं। इसके बाद 20 फुट ऊंचे भूतल के ऊपर छत लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित जन्मभूमि परिसर में भूतल पर पूर्व–पश्चिम दिशा में 380 फीट लंबा, उत्तर–दक्षिण में 250 फीट चौड़ा बन रहा है। मंदिर में राजस्थान के बलुआ पत्थर से बने कुल 392 स्तंभ लगाए जाएंगे !



# सड़क चौड़ीकरण , अयोध्या के रामपथ से हटेंगे 17 मंदिर व 14 मस्जिद, कटेंगे 706 पेड़, जद में आएंगे 2600 मकान, दुकान व कॉप्लेक्स



अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्मनगरी अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को कहीं कोई कष्ट न हो, इसके लिए लखनऊ–गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सआदतगंज बाईपास से अयोध्या नयाघाट तक रामपथ का निर्माण होना है। यह रामपथ करीब 13 किलोमीटर लम्बा है। इस सड़क को चौड़ा किया जाना है। रामपथ के चौड़ीकरण के दायरे में 17 मंदिर और 14 मस्जिद, करीब 2600 मकान, दुकान व व्यवसायिक काम्प्लेक्स हटाए जाएंगे और 706 पेड़ काटे जाएंगे।सआदतगंज से नयाघाट तक बनने वाले रामपथ पर पड़ने वाले 17 मंदिरों और 14 मस्जिदों को हटाया जाना प्रस्तावित है। हालांकि इन धार्मिक स्थलों की शिफ्टिंग कब और कैसे होगी, इसे लेकर जिला प्रशासन और कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग की बैठक होगी जिसमें कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा।इसके अलावा चौड़ीकरण से 2600 मकान, दुकान, व्यवसायिक काम्प्लेक्स भी प्रभावित हो रहे हैं, जिन्हें हटाया जाएगा। इसके अलावा 13 किलोमीटर रामपथ पर सड़क पर लगे 706 पेड़ों को भी काटा जाएगा। इन पेड़ों की मुआवजा धनराशि करीब 5 करोड़ रुपये कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग द्वारा वन विभाग को दे दी गयी है।फिलहाल रामपथ के लिए सआदतगंज हनुमानगढ़ी तक सरकारी जमीनों को खाली कराने की प्रक्रिया जारी है। रामपथ के निर्माण में प्रभावित होने वाले मकान स्वामियों व दुकान मालिकों से बैनामे की पक्रिया चल रही है। चौड़ीकरण की जद में आ रहे भवन व दुकान स्वामियों को चिह्नित जमीन से निर्माण स्वयं तोड़ने व अतिक्रमण हटाने के लिए 3 बार मुनादी करायी गयी है। बताते हैं कि चौड़ीकरण का कार्य अगले सप्ताह से प्रारंभ हो जाएगा। रामपथ का निर्माण कार्य दिसम्बर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है।378 करोड़ रुपये मुआवजा व 418 करोड़ रामपथ निर्माण पर होंगे खर्चसआदतगंज से नयाघाट तक बनने जा रहे रामपथ के चौड़ीकरण से प्रभावित होने वाले लोगों को 378 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जायेगा। इसके अलावा 418 करोड़ रुपये की लागत सड़क चौड़ीकरण के लिए निर्धारित की गयी है। इस धनराशि से सड़क निर्माण के साथ, बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर लगाने, सीवर लाइन बिछाने सहित अन्य कार्य किये जाएंगे।रामपथ का निर्माण दिसम्बर 2023 तक पूरा किया जाना है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। अतिक्रमण हटाने व मकानों, दुकानों को स्वयं तोड़ने के लिए 3 बार मुनादी कराई जा चुकी है। अभी किसी व्यक्ति को कोई नोटिस नहीं भेजी गयी है। लोगों को स्वयं यह कार्य कराना है। बैनामे की प्रक्रिया जारी है। रामपथ पर 17 मंदिर व 14 मस्जिदें आ रही हैं। इन्हें शिफ्ट करने का निर्णय जिला प्रशासन द्वारा किया जाना है . ..महेन्द्र प्रताप, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, खण्ड–3 अयोध्या !

आवश्यकता है

झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवमं
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले

के लिए संवाददाता, पेजमेकर आपरेटर, विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !

सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,
पीएनबी एटीएम के पास

# शिनजियांग-बीजिंग होते हुए शंघाई तक पहुंचा सरकार विरोधी प्रदर्शन, कोरोना लॉकडाउन से देशभर में बिफरे लोग

चीन में कोरोना खतरनाक होता जा रहा है। यहां आए दिन नए संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में सरकार ने एक बार फिर से जीरो कोविड पॉलिसी लागू कर दी है और कई शहरों के लाखों लोगों को उनके घरों में कैद कर दिया गया है। इस बीच सरकार की सख्त नीति से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। जानकारी के मुताबिक, चीन के शंघाई में शनिवार को कई प्रदर्शनकारी सड़क पर उतर आए और जीरो कोविड पॉलिसी वापस लेने की मांग की। दरअसल, इस प्रदर्शन की शुरुआत चीन के उरुमकी शहर में एक इमारत में आग लगने के बाद हुई, जिसमें 10 लोगों की जलकर मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि यहां जीरो कोविड पॉलिसी लागू होने के कारण राहत कार्य में देरी हुई, जिससे इतना बड़ा हादसा हो गया। प्रदर्शन के कई वीडियो आए सामनेचीन में सरकार की सख्त नीति का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के कई वीडियो भी सामने आए हैं। एक वीडियो के मुताबिक उरुमकी शहर की सड़कों पर कई लोग दिखाई दे रहे हैं और ये लोग चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी का विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा लोग कह रहे हैं कि उन्हें पीसीआर टेस्ट नहीं चाहिए, उन्हें आजादी चाहिए। वे झिनजियांग शहर में लॉकडाउन वापस लेने की मांग कर रहे हैं। 2019 के बाद सबसे अधिक मामले24 नवंबर को चीन में 31,444 नए मामले दर्ज किए गए थे। वहीं दूसरे दिन 32,943 तो तीसरे दिन यानी शुक्रवार को 35,909 मामले सामने आए। चीन के वुहान शहर में 2019 में सामने आए संक्रमण के पहले मामले के बाद देश में सामने आए ये सबसे अधिक दैनिक मामले हैं। देश में संक्रमण के दैनिक मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कई इलाकों में आवाजाही पर लगी रोकअमेरिका और अन्य देशों की तुलना में चीन में संक्रमण से मौत के कम मामले सामने आए हैं, लेकिन फिर भी देश की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने वायरस को लेकर कोई भी कोताही न बरतने की नीति अपना रखी है, जिसके तहत मामलों की संख्या देखते हुए इलाकों में लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई जाती है।चीन के चाओयांग में 35 लाख लोग घर में कैदस्वास्थ्य अधिकारियों की अपील के बाद 35 लाख लोग घर में कैद हो गए हैं। लोगों को घर पर ही सारी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। कई जगह कैंप लगाकर जांच बढ़ा दी गई है। बीजिंग में इस सप्ताह एक प्रदर्शनी केंद्र में अस्थायी अस्पताल बनाया गया और बीजिंग इंटरनेशनल स्ट्डीज यूनिवर्सिटी में भी आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया।चीन में कोरोना खतरनाक होता जा रहा है। यहां आए दिन नए संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में सरकार ने एक बार फिर से जीरो कोविड पॉलिसी लागू कर दी है और कई शहरों के लाखों लोगों को उनके घरों में कैद कर दिया गया है। इस बीच सरकार की सख्त नीति से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। जानकारी के मुताबिक, चीन के शंघाई में शनिवार को कई प्रदर्शनकारी सड़क पर उतर आए और जीरो कोविड पॉलिसी वापस लेने की मांग की। दरअसल, इस प्रदर्शन की शुरुआत चीन के उरुमकी शहर में एक इमारत में आग लगने के बाद हुई, जिसमें 10 लोगों की जलकर मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि यहां जीरो कोविड पॉलिसी लागू होने के कारण राहत कार्य में देरी हुई, जिससे इतना बड़ा हादसा हो गया। प्रदर्शन के कई वीडियो आए सामनेचीन में सरकार की सख्त नीति का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के कई वीडियो भी सामने आए हैं। एक वीडियो के मुताबिक उरुमकी शहर की सड़कों पर कई लोग दिखाई दे रहे हैं और ये लोग चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी का विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा लोग कह रहे हैं कि उन्हें पीसीआर टेस्ट नहीं चाहिए, उन्हें आजादी चाहिए। वे झिनजियांग शहर में लॉकडाउन वापस लेने की मांग कर रहे हैं। 2019 के बाद सबसे अधिक मामले24 नवंबर को चीन में 31,444 नए मामले दर्ज किए गए थे। वहीं दूसरे दिन 32,943 तो तीसरे दिन यानी शुक्रवार को 35,909 मामले सामने आए। चीन के वुहान शहर में 2019 में सामने आए संक्रमण के पहले मामले के बाद देश में सामने आए ये सबसे अधिक दैनिक मामले हैं। देश में संक्रमण के दैनिक मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कई इलाकों में आवाजाही पर लगी रोकअमेरिका और अन्य देशों की तुलना में चीन में संक्रमण से मौत के कम मामले सामने आए हैं, लेकिन फिर भी देश की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने वायरस को लेकर कोई भी कोताही न बरतने की नीति अपना रखी है, जिसके तहत मामलों की संख्या देखते हुए इलाकों में लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई जाती है।चीन के चाओयांग में 35 लाख लोग घर में कैदस्वास्थ्य अधिकारियों की अपील के बाद 35 लाख लोग घर में कैद हो गए हैं। लोगों को घर पर ही सारी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। कई जगह कैंप लगाकर जांच बढ़ा दी गई है। बीजिंग में इस सप्ताह एक प्रदर्शनी केंद्र में अस्थायी अस्पताल बनाया गया और बीजिंग इंटरनेशनल स्ट्डीज यूनिवर्सिटी में भी आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया।चीन में कोरोना खतरनाक होता जा रहा है। यहां आए दिन नए संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में सरकार ने एक बार फिर से जीरो कोविड पॉलिसी लागू कर दी है और कई शहरों के लाखों लोगों को उनके घरों में कैद कर दिया गया है। इस बीच सरकार की सख्त नीति से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। जानकारी के मुताबिक, चीन के शंघाई में शनिवार को कई प्रदर्शनकारी सड़क पर उतर आए और जीरो कोविड पॉलिसी वापस लेने की मांग की। दरअसल, इस प्रदर्शन की शुरुआत चीन के उरुमकी शहर में एक इमारत में आग लगने के बाद हुई, जिसमें 10 लोगों की जलकर मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि यहां जीरो कोविड पॉलिसी लागू होने के कारण राहत कार्य में देरी हुई, जिससे इतना बड़ा हादसा हो गया। प्रदर्शन के कई वीडियो आए सामनेचीन में सरकार की सख्त नीति का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के कई वीडियो भी सामने आए हैं। एक वीडियो के मुताबिक उरुमकी शहर की सड़कों पर कई लोग दिखाई दे रहे हैं और ये लोग चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी का विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा लोग कह रहे हैं कि उन्हें पीसीआर टेस्ट नहीं चाहिए, उन्हें आजादी चाहिए। वे झिनजियांग शहर में लॉकडाउन वापस लेने की मांग कर रहे हैं। 2019 के बाद सबसे अधिक मामले24 नवंबर को चीन में 31,444 नए मामले दर्ज किए गए थे। वहीं दूसरे दिन 32,943 तो तीसरे दिन यानी शुक्रवार को 35,909 मामले सामने आए। चीन के वुहान शहर में 2019 में सामने आए संक्रमण के पहले मामले के बाद देश में सामने आए ये सबसे अधिक दैनिक मामले हैं। देश में संक्रमण के दैनिक मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कई इलाकों में आवाजाही पर लगी रोकअमेरिका और अन्य देशों की तुलना में चीन में संक्रमण से मौत के कम मामले सामने आए हैं, लेकिन फिर भी देश की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने वायरस को लेकर कोई भी कोताही न बरतने की नीति अपना रखी है, जिसके तहत मामलों की संख्या देखते हुए इलाकों में लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई जाती है।चीन के चाओयांग में 35 लाख लोग घर में कैदस्वास्थ्य अधिकारियों की अपील के बाद 35 लाख लोग घर में कैद हो गए हैं। लोगों को घर पर ही सारी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। कई जगह कैंप लगाकर जांच बढ़ा दी गई है। बीजिंग में इस सप्ताह एक प्रदर्शनी केंद्र में अस्थायी अस्पताल बनाया गया और बीजिंग इंटरनेशनल स्ट्डीज यूनिवर्सिटी में भी आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया।चीन में कोरोना खतरनाक होता जा रहा है। यहां आए दिन नए संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में सरकार ने एक बार फिर से जीरो कोविड पॉलिसी लागू कर दी है और कई शहरों के लाखों लोगों को उनके घरों में कैद कर दिया गया है। इस बीच सरकार की सख्त नीति से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। जानकारी के मुताबिक, चीन के शंघाई में शनिवार को कई प्रदर्शनकारी सड़क पर उतर आए और जीरो कोविड पॉलिसी वापस लेने की मांग की। दरअसल, इस प्रदर्शन की शुरुआत चीन के उरुमकी शहर में एक इमारत में आग लगने के बाद हुई, जिसमें 10 लोगों की जलकर मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि यहां जीरो कोविड पॉलिसी लागू होने के कारण राहत कार्य में देरी हुई, जिससे इतना बड़ा हादसा हो गया। प्रदर्शन के कई वीडियो आए सामनेचीन में सरकार की सख्त नीति का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के कई वीडियो भी सामने आए हैं। एक वीडियो के मुताबिक उरुमकी शहर की सड़कों पर कई लोग दिखाई दे रहे हैं और ये लोग चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी का विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा लोग कह रहे हैं कि उन्हें पीसीआर टेस्ट नहीं चाहिए, उन्हें आजादी चाहिए। वे झिनजियांग शहर में लॉकडाउन वापस लेने की मांग कर रहे हैं। 2019 के बाद सबसे अधिक मामले24 नवंबर को चीन में 31,444 नए मामले दर्ज किए गए थे। वहीं दूसरे दिन 32,943 तो तीसरे दिन यानी शुक्रवार को 35,909 मामले सामने आए। चीन के वुहान शहर में 2019 में सामने आए संक्रमण के पहले मामले के बाद देश में सामने आए ये सबसे अधिक दैनिक मामले हैं। देश में संक्रमण के दैनिक मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कई इलाकों में आवाजाही पर लगी रोकअमेरिका और अन्य देशों की तुलना में चीन में संक्रमण से मौत के कम मामले सामने आए हैं, लेकिन फिर भी देश की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने वायरस को लेकर कोई भी कोताही न बरतने की नीति अपना रखी है, जिसके तहत मामलों की संख्या देखते हुए इलाकों में लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई जाती है।चीन के चाओयांग में 35 लाख लोग घर में कैदस्वास्थ्य अधिकारियों की अपील के बाद 35 लाख लोग घर में कैद हो गए हैं।


MEDIA NEWS
झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेश मे कार्य करने हेतु लोगो की आवश्यकता है
संपर्कः- 277/129 चकिया जगमल का हाता
जनपद प्रयागराज पिन कोड 211016
उत्तर प्रदेश
9918366626 , 9140343290

## एसएसपी अयोध्या प्रशांत वर्मा द्वारा थाना पूराकलंदर पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर सुनी जनता की फरियाद



अयोध्या अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन धर्म नगरी अयोध्या जनपद में दिनांक 26.11.2022 को जनपद अयोध्या में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,अयोध्या प्रशांत वर्मा व क्षेत्राधि ाकारी अयोध्या द्वारा थाना पूराकलंदर पर आयोजित थाना समाध ाान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियोंध्कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत–प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसएसपी अयोध्या महोदय द्वारा जनपद के सभी पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधि ाकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके !

## राम नगरी में 41वे रामायण मेला का करेंगे उद्घाटन सीएम श्री योगी

योध्या अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की



पावन धर्म नगरी अयोध्यामुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज 27 नवंबर 2022 को अयोध्या के दौरे पर,जीआईसी के मैदान में प्रबुद्ध सम्मेलन को करेंगे संबोधित,जनसभा में 50 हजार से अधिक भीड़ जुटाने का लक्ष्य, भाजपाइयों ने कसी कमर, लगभग 12:00 बजे पहुंचेंगे सीएम योगी जीआईसी मैदान, द्वितीय बेला में लगभग 3:00 बजे पहुंचेंगे अयोध्या धाम, राम कथा पार्क में आयोजित 41वे रामायण मेले का करेंगे शुभारंभ। रामायण मेले की शुभारंभ के पूर्व रामलला हनुमानगढ़ी का दर्शन पूजन करेंगे सीएम योगी। पुलिस लाइन व राम कथा पार्क पर बनाए गए हैं हेलीपैड, भाजपा व जिला प्रशासन ने की तैयारीलगाई गई मजिस्ट्रेटो की ड्यूटी,रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।

## संविधान दिवस पर बच्चों को किया गया जागरूक



(बहराइच)जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच के निर्देशन व खंड शिक्षा धिकारी जगन्नाथ यादव के कुशल मार्ग दर्शन मे आज संविधान दिवस की पूर्व सन्ध्या पर शिक्षका परवीन अख्तर व(एस के चौबे) द्वारा उ प्रा वि ढोगाही बटुरहा फखरपुर मे अध्ययनरत विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी ।विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना का बाचन भी कराया गया प्रस्तावना मे वर्णित समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य जैसे शब्दों के मायने समझाये गये। बच्चों को बताया गया कि संविधान हमारे देश की एक पवित्र पुस्तक है जिसका हम सभी को सम्मान करना चाहिए। बच्चों ने पूर्ण मनोयोग से बातो को सुना और आजीवन शुद्ध अन्तःकरण से संविधान मे सच्ची श्रद्धा रखने का अश्वासन दिया।विद्यालय के पांच बच्चों का चयन किया जो अपने आसपास संविधान के बारे मे लोगो को जागरूक करेंगे।इस अवसर पर सहायक अध्यापक सत्य पाल, सुरेश,स्कूल स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

## फरधान पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र रामकुमार को गिरफ्तार किया गया

लखीमपुर खीरी पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अपराध की रोकथाम एवं वांछितध्वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 26.11.2022 को 01 नफर वारण्टी अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र रामकुमार नि0ग्राम फूटाकुआं थाना फरधान जिला खीरी केस नं0 दृ 140–21 अ0सं0 322ध्20 धारा 138ठ वि0 अधि0 में वारण्टी अभियुक्त उपरोक्त के घर ग्राम फूटाकुआं थाना फरधान जिला खीरी से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय लखीमपुर खीरी पेशी हेतु भेजा गया गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1. उ0नि0 अनूप कुमार मिश्रा
2. का0 श्याम किशुन
3. का0 गोविन्द

## अयोध्या के दशरथ महल में राम बारात की अनोखी परंपरा जहां दूल्हा सरकार के दर्शन करते हैं लाखों भक्त



अयोध्या अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन धर्मनगरी अयोध्या में विवाह पंचमी पर भगवान श्री राम के विवाह उत्सव की तैयारी जा रही है त्रेता युग में भगवान श्री राम और माता सीता के बीच में विवाह को आज भी प्रतीकात्मक रूप में मनाए जाने की परंपरा चल रही है जिसमें अयोध्या की दर्जनों मंदिरों से राम बारात भी निकाला जाता है भगवान के विवाह की सबसे प्राचीन परंपरा महाराजा दशरथ महल की मानी जाती है त्रेता युग के भगवान के विवाह उत्सव को प्राचीन रीति रिवाज से मनाया जाता है।अयोध्या के राम कोट में ऐतिहासिक और प्राचीन दशरथ महल स्थित है। मंदिर में भगवान के पूरे परिवार का एक साथ दर्शन भी प्राप्त होता है यही नहीं इस मंदिर की परंपरा भी अनोखी है भगवान के जन्म से लेकर रावण वध कर अयोध्या आगमन तक के सभी पर्व को बेहद खास रूप में मनाया जाता है इसके साथ ही भगवान श्री राम और माता सीता के विवाह उत्सव की परंपरा भी अद्भुत तरीके से मनाया जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में दूरदराज के भक्त इस मंदिर में दूल्हा बने भगवान के दर्शन प्राप्त करने के लिए पहुंचते हैं।इस मंदिर के उत्तराधिकारी कृपालुजी महाराज ने परंपरा की जानकारी देते हुए बताया कि विवाह पंचमी के अवसर पर भगवान श्री राम के विवाह उत्सव का आयोजन बड़े धूमध ाम से किया जाता है जिसकी तैयारी की जा रही है इस मंदिर में भगवान के विवाह को लेकर खास आयोजन होता है धार्मिक अनुष्ठान के साथ हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक गणेश पूजा, तेल पूजा, हल्दी रस्म, मेहंदी रस्म के साथ राम बरात का आयोजन किया जाता है। अयोध्या के दर्जनों मंदिर में भगवान राम और माता सीता के विवाह की झांकी का अद्भुत दृश्य देखने को मिलता है लेकिन अत्यंत प्राचीन और ऐतिहासिक दशरथ भवन में सिर्फ भगवान के बारात विदाई के ही आयोजन किए जाते हैं। मान्यता है कि भगवान राम का बरात अयोध्या से जनकपुर पहुंचा था जहां पर माता पिता के साथ विवाह संपन्न हुआ था। उसी परंपरा के मुताबिक आज भी इस दशरथ भवन में बरात का आयोजन किया जाएगा।

## दुर्घटना मे घायल व्यापारी की मौत, कोहराम



लालगंज–प्रतापगढ़। दुर्घटना मे अज्ञात कार की टक्कर से घायल व्यापारी की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गयी। मौत की सूचना व्यापारी के घर पहुंची तो कोहराम मच गया। नगर के संगम चौराहे पर शुक्रवार की रात सलेम भदारी निवासी रामलाल जायसवाल का पुत्र पूर्णमासी जायसवाल 65 साइकिल से नेशनल हाइवे पार कर रहा था। इस बीच अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना मे घायल पूर्णमासी को गंभीर दशा मे ट्रामा सेंटर से प्रतापगढ़ रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से उसे हेडेन्जरी के चलते प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर किया गया। हालत गंभीर देख उसे परिजन इलाज के लिए लखनऊ के विवेकानंद हॉस्पिटल ले गये। चुटहिल पूर्णमासी की शनिवार की सुबह सांसे थम गयी। गल्ला व्यापारी की मौत पर पत्नी निर्मला तथा पुत्र संतोष व मनोज का रो रो कर बुराहाल दिखा। मृतक का शव शनिवार अपरान्ह बाद जब घर पहुंचा तो गांव के लोग भी दुखी हो उठे। दुर्घटना मे व्यापारी की मौत की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी है। पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया।

## चोरी के सामान सहित पांच चोरो को पुलिस ने किया गिरफ्तार




पुलिस अधीक्षक सीतापुर घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में चोरीध्नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए उन्हें रोकनें व अपराधियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। थाना मिश्रित पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 572ध्22 ध ाारा 379ध्411 भा0द0वि0 में प्रकाश में आये अभियुक्तों शान मोहम्मद उर्फ शानू पुत्र मो0 नईम . कलामुद्दीन पुत्र शर्फुद्दीन शमीम पुत्र अशरफ अली .शमसुद्दीन उर्फ मन्ना पुत्र मुनऊ निवासीगण ग्राम आंट थाना मिश्रित सीतापुर .महेन्द्र पुत्र रामखेलावन निवासी अमजदपुर मजरा सहादतनगर थाना मिश्रित सीतापुर को चोरी गये खम्भों के 10 अदद लोहे के टुकड़े व 01 अदद बैट्री रिक्शा (34ठज0590) के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

## विद्यालय में संविधान दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

संविधान दिवस पर प्राथमिक विद्यालय शमशेरगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यर्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साहित्यकार प्रमोद दुबे ने माँ वीणापाणि की वंदना प्रस्तुत किया ।प्रधानाध यापक विनोद आर्य ने अतिथियों का स्वागत किया।सामाजिक कार्यकर्ता मिठाई लाल गौतम ने संविधान पर अपनी रचना प्रस्तुत किया।विशिष्ट अतिथि अरविन्द दुबे ने डा.भीमराव अम्बेडकर को संविधान का जनक बताया।शिक्षक एवं साहित्यकार डा.अरुण कुमार रत्नाकर ने बच्चों को संविधान सम्बन्धी जानकारी देते हुए कहा कि संविधान हमारे देश का वह मौलिक कानून है जो नागरिकों के हितों को संरक्षित रखता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ अधि ावक्ता राम सेवक त्रिपाठी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हमारे देश का संविधान राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक डा. अरुण कुमार रत्नाकर ने किया । इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद आर्य, अध्यापिका मीना गुप्ता, शिक्षक विमलेश गुप्ता,अंजली,लालती सहित बच्चे उपस्थित रहे।

### वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आज

विकासखंड लक्ष्मणपुर अंतर्गत सगरा सुंदरपुर बाजार में स्थित मदरसा दारुल बनात अल्पसंख्यक बालिका विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवम प्रतिभा सम्मान समारोह आज दिनांक 27 नवंबर 2022 को प्रातः 10रू00 बजे से प्रारंभ होगा । इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनाब डॉक्टर इफ्तिखार अहमद, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ तथा विशिष्ट अतिथि श्री विजय प्रताप यादव, एवम श्री सच्चिदानंद तिवारी जी होगे, इस कार्यक्रम में जिले के आला अधिकारी भी होंगे सामिल।

## अयोध्या के श्री राम जन्म भूमि मंदिर के 500 वर्ष के संघर्षों के इतिहास पर बनेगी फिल्म



अयोध्या अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्मनगरी अयोध्या, सदी के महानायक बताएंगे राम मंदिर के 500 वर्ष के संघर्ष का इतिहास। राम मंदिर निर्माण की कवायद के बीच 500 वर्षों के संघर्ष और इतिहास से जन–जन को रू–ब–रू कराने की श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की योजना धीरे–धीरे साकार होने की ओर अग्रसर है। ट्रस्ट ने ढांचा टूटने से लेकर सुप्रीम फैसले तक लगभग 500 वर्षों के इतिहास पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाने का निर्णय लिया था, जिसको लेकर तमाम घटनाओं व इतिहास को सहेजने की कवायद की जा रही थी। अब सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने डॉक्यूमेंट्री को अपना स्वर देने की हामी भरी है।राम मंदिर के संघर्ष गाथा को दिखाने और बताने के लिए डॉक्यूमेंट्री के निर्माण का जिम्मा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी को सौंपा था। ट्रस्ट काफी दिनों से मंदिर आंदोलन की एक–एक कड़ियों को सहेजने में जुटा रहा। मंदिर निर्माण के भी हर चरण की वीडियोग्राफी कराई जा रही है। डॉक्यूमेंट्री के निर्माण का जिम्मा हैदराबाद तेलंगाना के विराट याज्ञिक को सौंपा गया है।समय–समय पर हुए संघर्ष, उत्पन्न चुनौतियों तथा बलिदान से संबंधित जानकारी और क्लिपिंग की जा रही है। दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले इस वृत्तचित्र के माध्यम से आज के युवा पीढ़ी को संघर्ष और बलिदान के साथ निर्माण के हर पहलु की जानकारी उपलब्ध कराने की है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि डॉक्यूमेंट्री में तमाम विशिष्ट हस्तियां नजर आएंगी। जाने–माने अभिनेता अमिताभ बच्चन ने राम से जुड़ी इस विराट गाथा को अपना स्वर देने की इच्छा जताई है !

## खीरी में सड़क सुरक्षा यातायात माह नवंबर 2022 के अंतर्गत की गई कार्यवाही



लखीमपुर खीरी पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद खीरी, श्री संजीव सुमन के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधि ाकारी यातायात महोदय के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के अंतर्गत डग्गामार वाहन, बिना परमिट बिना फिटनेस ओवरलोड सवारी, तीन सवारी, बिना हेलमेट एवं बिना प्रदूषण के वाहन चलाने पर कचहरी, नौरंगाबाद, पंडित दीनदयाल, संकटा देवी, मेला मैदान चौराहा, एलआरपी, राजापुर चौराहों पर प्रभारी यातायात निर्मल जीत यादव आरक्षी यातायात बीवन राज, पंकज वर्मा, सत्य प्रकाश, संदीप कुमार, जैनेंद्र शर्मा, नागेश्वरनाथ, विजय सिंह, पवन कुमार, रज्जनलाल आदि द्वारा चेकिंग की गई एवं धर्म सभा इंटर कॉलेज लखीमपुर खीरी के प्रधानाचार्य श्री आलोक गोयल एनसीसी कैप्टन श्री राजकुमार सिंह एवं शिक्षकगणों की मौजूदगी में 950 छात्र–छात्राओं एवं एनसीसी कैडेटों को यातायात नियमों के बारे में यातायात संगीत एवं पंपलेट देकर जानकारी एवं जागरूक किया गया एवं यातायात नियमों के पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई तथा बताया गया कि आए दिन सड़क हादसे होते हैं जिसमें लोगों की जान चली जाती है इसका सबसे प्रमुख कारण यातायात नियमों की जानकारी ना होना या जानकारी होने के बाद भी उसका पालन ना करना है दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें। स्कूल समय हमेशा अपने बायीं ओर चलें, घर से 10 मिनट पहले चले, उतावलेपन में ना चलें, वाहन चलाते समय हेलमेट सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहन को निर्धारित गति में चलाएं नशे की हालत में व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने से बचें, स्टंट बाइकिंग से बचे, काली फिल्म, मॉडिफाई साइलेंसर, हूटर, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग ना करें, गलत दिशा में ना चले इस तरह यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाएं कम होगी तथा लोग सुरक्षित रहेंगे साथ ही रोड के किनारे अपने वाहन आदि ना खड़ा करें, ट्रैक्टर ट्रॉली, लोडर पिकअप पर यात्रा न करें। यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों एवं वाहनों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत कुल 152 वाहनों का चालान व 01 वाहन सीज किए गए हैं साथ ही साथ ही संविधान दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन एवं शपथ दिलाई गई।

## सत्कर्म और सदाचरण से ही जागृत होता है भाग्यफल- आचार्य योगेश



लालगंज–प्रतापगढ़। बरीबोझ गांव में हो रही भागवत कथा में तीसरे दिन ध्रुव चरित्र की महिमा का बखान करते हुए कथाव्यास आचार्य योगेश जी महराज ने कहा कि मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए। जिससे उसके चरित्र की मर्यादा की प्रेरणा समाज सदैव ग्रहण करता रहे। उन्होनें कहा कि बिना कर्म के कुछ भी संभव नही हुआ करता। भगवान श्री कृ ष्ण ने कहा है कि कर्म ही प्रधान है, जो मनुष्य सत्कर्म करते हैं उन्हें अच्छे फल की प्राप्ति हुआ करती है। वहीं कथा सुनने को उमडी भीड़ कथा के दौरान श्री राध ा कृष्ण संकीर्तन को लेकर मंत्रमुग्ध हो उठी दिखी। कथा श्रवण के लिए शुक्रवार की देर शाम राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी भी पहुंचे। सांसद प्रमोद तिवारी ने धर्मानुरागियों से संवाद करते हुए कहा कि आध्यात्म की प्रेरणा हमें जीवन में सदैव अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष के कर्म की प्रधानता का बोध कराया करती है। उन्होनें कहा कि सत्य का पथ कठिन जरूर हुआ करता है किंतु सत्य का यह मार्ग सदैव जीवन को निष्कंटक बनाये रखा करता है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुरखास में बाबा घुइसरनाथ की नगरी से मिलने वाला आध्यात्मिक संदेश सदभावना की ज्योति को प्रज्ज्वलित किये हुए है।

**झुग्गी झोपड़ी**
सत्वाधिकार, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार यादव द्वारा रमा प्रिंटिंगप्रेस 53/25/1ए, बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित रहीमाबाद पोस्ट कटहुला गौसपुर जिला प्रयागराज तहसील सदर से प्रकाशित
सम्पादक
संजय कुमार यादव
RNI No.: UPHIN/2015/63182
दूरभष : 0532–2618074
मोबाईल : 9918366626
डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23
e-mail: Jhuggijhopari@gmail.com
Website- www.Jhuggijhopari.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदाई तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा